SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें..
Vivekanand Colony, Hadditoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 09 मई 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 101 | मूल्य - 5 रुपये

SAHAYOG HOSPITAL
7 Years OF HEALTH, HOPE & HEALING
निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च – 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



THE MEGA STORE
sangam STORES
MAIN ROAD, GONDIA,
M. 7304444505
spykar | ARROW USA·1851 | KILLER | VERCELLI CRAFTED IN ITALY | Manyavar | CITRUS | U.S. POLO ASSN. SINCE 1890 | Raymond | OCM | TURTLE | J. HAMPSTEAD
● Coat, Pant, Sherwani ● Suiting Shirting

## गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में विधायक दल ने चुना शुभेन्दु अधिकारी को नेता, आज लेंगे शपथ..



कोलकाता।

*पश्चिम बंगाल के अगले सीएम शुभेंदु अधिकारी होंगे, ये फैसला भाजपा विधायक दल की बैठक में हो गया है। उनके नाम पर सभी विधायकों ने सहमति दी और इसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश भी कर दिया। शुभेंदु अधिकारी का सीएम चुना जाना ऐतिहासिक रहा, क्योंकि पार्टी की इस विधायक दल की बैठक में खुद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे।*

राज्यपाल से सरकार बनाने का न्योता मिलने के बाद आज शनिवार 09 मई को सुबह 11 बजे कोलकाता में शुभेंदु अधिकारी का भव्य शपथग्रहण समारोह होगा। बीजेपी को विधानसभा चुनाव में दो-तिहाई से ज्यादा की प्रचंड बहुमत मिला है और पश्चिम बंगाल में पहली बार बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। इससे पहले 7 मई को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने 17वीं विधानसभा को भंग कर दिया था, जिसके साथ ही ममता बनर्जी सरकार भी बर्खास्त हो गई थी। ममता बनर्जी ने सीएम पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था, लेकिन जब 17वीं विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो गया तो राज्यपाल ने उसे भंग कर दिया। अब नई सरकार के गठन का रास्ता साफहै। शनिवार को शुभेंदु अधिकारी, मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

### कौन हैं शुभेंदु अधिकारी?

शुभेंदु अधिकारी का जन्म 15 दिसंबर 1970 को पूर्वी मेदिनीपुर के कांथी में एक समृद्ध राजनीतिक परिवार में हुआ था. उनके पिता शिशिर अधिकारी बंगाल की राजनीति में सम्मानित और कद्दावर नाम हैं. मेदिनीपुर के पूरे क्षेत्र पर दशकों से अधिकारी परिवार का प्रभाव रहा है. शुभेंदु ने राजनीति की शुरुआती बारीकियां उन्हीं से सीखीं. उन्होंने अपना राजनीतिक करियर 1989 में कांग्रेस की छात्र परिषद से शुरू किया.उस दौर में पूरे बंगाल में वामपंथी छात्र संगठनों का एकछत्र दबदबा था, ऐसे में एक विपक्षी छात्र नेता के रूप में उन्हें पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा.1995 में कांथी नगर पालिका में पार्षद के रूप में चुनकर उन्होंने अपने चुनावी सफर की औपचारिक शुरुआत की। दरअसल, शुभेंदु अधिकारी वो नेता हैं, जिन्होंने एक बार नहीं 2-2 बार टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराया है। 2021 में नंदीग्राम में हराया और इस बार ममता के गढ़ भवानीपुर में जाकर भी ममता बनर्जी को मात दी। इसके बाद शुभेंदु की दावेदारी और मजबूत हो गई थी। शुभेंदु अधिकारी बीजेपी की जीत के आर्किटेक्ट भी माने जाते हैं, जिन्होंने बीजेपी का आंकड़ा 207 तक पहुंचा दिया। वह नेता प्रतिपक्ष रहे हैं और साथ ही प्रशासनिक अनुभव भी उनके पास है। वह पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के भरोसेमंद भी हैं।

जहां सोने, चांदी, हीरे जड़ित आभूषणों की हर कृति में मिलता है..
समय का स्पर्श और हर आभा में वंश की गरिमा..
शांति ज्वेलर्स..
नया सराफा, मेन रोड, बालाघाट
परंपरा और भरोसे के 38 साल
Royal Kundan Collection

## यूपीएससी ने भारतीय वन सेवा परीक्षा के परिणाम घोषित किए..

**नई दिल्ली (भाषा)।**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शुक्रवार को भारतीय वन सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित किए। आयोग ने बताया कि बसवराज केम्पावाड ने प्रथम स्थान, अंशुमान कुमार सिंह ने द्वितीय स्थान और सिद्धार्थ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। आयोग ने बताया कि पिछले वर्ष 16 से 23 नवंबर तक यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम और 6 से 15 अप्रैल तक आयोजित साक्षात्कार के आधार पर 148 उम्मीदवारों को नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है। कुल 148 उम्मीदवारों में से 42 सामान्य वर्ग से, 21 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) से, 52 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से, 22 अनुसूचित जाति (एससी) से और 11 अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से हैं। आयोग ने एक बयान में कहा कि 71 अनुशंसित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को अस्थायी श्रेणी में रखा गया है। बयान में कहा गया है कि ईडब्ल्यूएस/ओबीसी/एससी/एसटी और दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के अंतर्गत आरक्षण की स्थिति के संबंध में अनुशंसित उम्मीदवारों के दावों का सत्यापन संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि यूपीएससी के परिसर में परीक्षा हॉल भवन के पास एक 'सुविधा काउंटर' है और उम्मीदवार कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच व्यक्तिगत रूप से या टेलीफोन के जरिए परीक्षा और भर्ती के संबंध में कोई भी जानकारी या स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं।

आवश्यकता है..
बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है।
संपर्क करें..
मो. 9425639000, 9300039839, 7693039839

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 23 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 98230 21274, 93098 53003
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

SONO VIEW
SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN | MRI CENTER
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectal & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY | C.T./M.R.I.



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## प्रेस क्लब ऑफ सिवनी द्वारा किया गया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**वरिष्ठ पत्रकारों एवं अतिथियों ने दिए प्रेरणादायी संदेश..**





**जगप्रेरणा सिवनी।**

*प्रेस क्लब ऑफसिवनी (प्रेस एसोसिएशन सिवनी) द्वारा पत्रकार साथियों के मेधावी बच्चों के सम्मान में स्थानीय द ग्रैंड रजवाड़ा होटल में भव्य सम्मान समारोह एवं मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शील्ड, स्कूल बैग एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामयी बना दिया। सिवनी में आयोजित इस सम्मान समारोह की शुरुआत सुबह 09 बजे से हुई, जहां पत्रकार साथियों के बच्चों ने वाटर पार्क में स्विमिंग एवं मनोरंजन गतिविधियों का आनंद लिया। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बरगी डैम में हुई हृदय विदारक घटना में मृत लोगों एवं प्रेस क्लब ऑफसिवनी के सदस्य पत्रकार स्वर्गीय राकेश दुबे की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान पत्रकार साथियों द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिनेश राय मुनमुन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्ञानचंद सनोडिया, सुजीत जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल मर्सकोले उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने प्रेस क्लब द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है और पत्रकारों के परिवारों के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह, सोनू गुप्ता, मनोज मर्दन त्रिवेदी, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा तथा वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी मनीष अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने, लक्ष्य निर्धारित करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

प्रेस क्लब ऑफसिवनी द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह को सफल बनाने में अध्यक्ष अयोध्या विश्वकर्मा, सचिव राजेन्द्र पिंटू तरवरे, उपाध्यक्ष अब्दुल काबिज खान, उपाध्यक्ष विनोद दुबे, कोषाध्यक्ष संजीव क्रीडिया, सहसचिव अभिनव जैन , लेखाधिकारी शुभम सोनी एवं पत्रकार साथी रूपेश कोहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रमजीवी पत्रकार परिषद सिवनी के अध्यक्ष शरद दुबे एवं प्रेस क्लब ऑफसिवनी के उपाध्यक्ष अब्दुल काबिज खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार साथियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया, जिनमें अलवीरा खान, शिवम चौरसिया, आस्था क्रीडिया, मोंटी नागफासे, आंचल मिश्रा, सत्यम ठाकुर, आलिया कौशर, आर्यव बौद्ध, रुची पाठक एवं वीर सिंह शामिल रहे। सभी विद्यार्थियों को शील्ड, स्कूल बैग एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही यूपीएससी में चयनित श्रीमती सीमा रूपेश कोहरु को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह के अंत में प्रेस क्लब ऑफ सिवनी की पूरी टीम द्वारा उपस्थित अतिथियों, पत्रकार साथियों एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम पूरे समय उत्साह, प्रेरणा एवं पारिवारिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

## मुंडारा के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में 17 मई से प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

*जिले के गोपालगंज के समीप वैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा में पटवा लखेरा समाज सिवनी द्वारा 17 से 24 मई तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ व वार्षिक*

महोत्सव का आयोजन किया गया है। समाज के प्राचीन श्रीराधा कृष्ण मंदिर के द्वितीय जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण का कार्य दानदाताओं के सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह पुनीत आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में योग सम्राट आचार्य महेंद्र मिश्र के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक संगीतमय भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन का शुभारंभ 17 मई रविवार को दोपहर 2 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ होगा। 24 मई रविवार को सुबह 9 बजे से हवन, पूर्णाहूति व विशाल महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा। कथा समापन अवसर पर 24 मई को ही दोपहर 2 बजे से पटवा लखेरा समाज का प्रांतीय-वार्षिक महोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा।

समारोह में समाज के कक्षा 1 से 12वीं तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ खेलकूद व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले समाज बंधुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति पटवा-लखेरा समाज सिवनी ने सभी धर्मप्रेमियों व स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ लें।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार हेतु) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार हेतु) नियम 2022' के अंतर्गत वर्ष 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।*

इस संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट **www.awards.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। प्रदेश स्तर के प्रमुख समाचार पत्रों में दिनांक 24 अप्रैल 2026 को इस संबंध में विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार यह पुरस्कार पूर्व वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए नवाचारों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। केवल इसी अवधि के अंतर्गत किए गए कार्यों से संबंधित आवेदन ही विचारणीय होंगे। इच्छुक शासकीय सेवक निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य आवश्यक विवरण सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने अधीन कार्यरत ऐसे शासकीय सेवकों को आवेदन हेतु प्रेरित करें, जिन्होंने निर्धारित अवधि में उल्लेखनीय नवाचार या पहल की हो, ताकि अधिक से अधिक योग्य आवेदनों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

## नियम विरुद्ध संचालित यात्री बस परिवहन विभाग द्वारा जब्त

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें.. हसीब मोहम्मद 7898530101







**जगप्रेरणा सिवनी।**

*परिवहन विभाग द्वारा जिले में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाते हुए बड़ी कार्यवाही की गई। यह अभियान कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार*

संचालित किया गया। जांच के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न मार्गों पर वाहनों की गहन जांच की। इसी क्रम में यात्री बस क्रमांक **MP 50 P 0868** को रोककर जांच की गई, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। वाहन बिना वैध परमिट, बिना बीमा तथा बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित पाया गया। साथ ही वाहन का पिछले दो वर्षों से कर जमा नहीं किया गया था, जिसके चलते उस पर लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये का कर बकाया पाया गया। जांच में बस का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र **(PUC)**भी अमान्य पाया गया।



गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए परिवहन विभाग ने तत्काल प्रभाव से बस को जब्त कर कार्यालय परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इसी अभियान के दौरान वाहन क्रमांक **MH 40 CQ 1587(JCB)** पर वैध बीमा एवं वैध **(PUC)** नहीं पाए जाने पर 10 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। वहीं वाहन क्रमांक **MP 22 ZJ 3845** पर नियम विरुद्ध संचालन के कारण 3 हजार रुपये तथा वाहन क्रमांक **MP 15 G 4379** पर फिटनेस नहीं होने के कारण 2 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में इस प्रकार के जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने वाहन मालिकों एवं चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, कर एवं **(PUC)** सहित सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस में आज मानव सेवा से जुड़ने की शपथ लेवे - डीईओ




**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष सिवनी के मार्गदर्शन में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला सिवनी द्वारा, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र.राज्य शाखा भोपाल से प्राप्त पत्रानुसार, जिले में रेडक्रॉस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसी कभारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में 08 मई 2026 को. स्थानीय नेताजी सुभाष हायर सेकेंड्री स्कूल में विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन किया गया।

आयोजन का शुभारंभ एस.एस.कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी, आरपी पाटिल स.संचालक, अरुण राय सचिव रेडक्रास, श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर सर हेनरी डूनाट के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात प्रदीप हनवत जिला समन्वयक जूनियर रेडक्रास द्वारा रेडक्रास गीत प्रस्तुत किया गया। संचालन कर रहे अनंत मिश्रा द्वारा रेडक्रास की गतिविधियों एवं पचमडी मे आयोजित शिविर को प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित तरुण कुमार एक्स आर्मी मेन, गणेश मनसारे पीजी कालेज, रामदीन भलावी कन्या कालेज, श्रीमती सविता गौतम राष्ट्र सेविका समिति,द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गये। अरुण राय ने उद्बबोधन में कहा कि किस तरह एक व्यापारी व सामाजिक कार्यकर्ता ने1859 में एक इटली की यात्रा के दौरान 19 वीं सेंचुरी का भीषण युद्ध को देखा जिसमे सिर्फ 15 घण्टे के युद्ध में घायल हुए 40000 लोगों के इलाज, सेवा करते रहे और वापिस जेनेवा आकर अपनी किताब ए मेमोरी आफ सेल्फीरेनो में युद्ध की विभीषिका का वर्णन लिखा जिस पर जेनेवा में 1863 में प्रस्ताव पास हुआ और भारतीय संसद में 1920 को आईआरसीएस एक्ट तब से भारतीय रेडक्रॉस प्रारंभ हुआ।

एस एस कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने अपने उदबोधन में सभी कालेज स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी रेडक्रॉस से जुडकर मानव सेवा के कार्य में अधिक से अधिक योगदान देवें श्री कुमरे ने आगे कहा कि राज्य ईकाई के निर्देश अनुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से आगामी दिनों में केलेंडर अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। आर पी पाटिल ने भी रेडक्रास के महत्व पर प्रकाश डाला तत्पश्चात रेडक्रॉस की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कालेज, स्कूल के शिक्षको, विद्यार्थियों, आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला रेडक्रास सोसायटी सिवनी की ओर से एस एस कुमरे द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अनूप मिश्रा, डाँ. बसंत राय, परमांनद बैस, तरुण श्रीवास्तव, अनुराग तिवारी, शैलेश साहू, राजकिशोर दुबे, श्रीमती अकीला खान, श्रीमती फरजाना, अनिल पलवार, बिसेन, देवेंद्र ठाकुर, श्रीमती माधुरी दुबे, श्रीमती वर्षा तिवारी, प्रोफेसर टी पी सेगर, प्रोफेसर सुमित सनोडिया, प्रोफेसर अल्का मिश्रा सहित शासकीय पीजी कालैज, कन्या कालेज, डीपी चतुर्वेदी कालेज, एम एल बी स्कूल, उत्कृष्ट स्कूल, सांदिपनी स्कूल, नेताजी सुभाष स्कूल, कन्या मठ मंदि स्कूल, नवीन कन्या हॉस्टल, बालक हास्टल, तिलक हाई स्कूल, उर्दू हायर सेके. स्कूल के रेडक्रास प्रभारी शिक्षक एवं छात्र-छात्राए एवं आगंनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे अंत मे स्वल्पाहार कराया गया एवं प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा विगत एक वर्ष में किये गये कार्य..

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो. 9329033433





**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगरपालिका सी एम ओ जारी विज्ञप्ति मे बताया गया कि 8 मई 2025 को ज्ञानचंद सनोडिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बने, ज्ञानचंद सनोडिया को अध्यक्ष बने एक वर्ष पूर्ण हुए जिसमें उन्होंने सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य को अपनाते हुए अपने कार्यकाल के सिर्फ एक वर्ष में नगरीय निकाय के वाहनों में जो डीजल लगता था उसमें करीब 45.50 लाख की बचत किया जो अपने आपमें एक रिकॉर्ड है। इन एक वर्षों में श्री ज्ञानचंद सनोडिया के नेतृत्व में कम्पनी गार्डन लागत राशि 226.00 लाख ऑडिटोरियम 500 मीटर लागत 1200.00 लाख कार्यालय भवन निर्माण 10.84 लाख की सैद्धांतिक स्वीकृति शासन से प्राप्त की गई जिसकी डी.पी.आर. तैयार कराई गई जिसका जल्द ही टेण्डर जारी किए जा रहे है। इन एक वर्षों में शहर के पार्कों के सौन्दर्गीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार कर करीब 600 लाख की डी.पी.आर. तैयार कराई गई जिससे शहर का सौंदर्यीकरण और अधिक किया जा सके। इसके अलावा अमृत 2.0 अन्तर्गत वाटर सप्लाई का कार्य लागत 61000 लाख (61 करोड) प्रारम्भ कराया गया जो कि प्रगतिरत है। ज्ञानचंद सनोडिया ने पूरी परिषद के साथ मिलकर शहर के सभी वार्डों में करोड़ों की लागत से विभिन्न निर्माण कराए गए और कुछ प्रगतिरत है। सीवर लाइन को लेकर भी सिवनी नगर पालिका परिषद ने कार्य प्रारंभ किया है। शहर के सीवर लाइन का कार्य लागत 125000 लाख (125 करोड़) जो शासन स्तर पर लंबित है को जिसकी शहर मे जल्द ही प्रारम्भ हो जाएगा। इन एक वर्षों में फायर स्टेशन का 185 लाख का कार्य प्रारम्भ किया गया है। ज्ञानचंद सनोडिया के अध्यक्ष बनने के बाद सभी गाड़ियों की मॉनिटरिंग जी.पी.एस. के माध्यम से प्रारम्भ की गई है। इन एक वर्षों में पिछले वर्षों की तुलना में निकाय में राजस्व वृद्धि हुई है जिससे अधिक विकास कार्य हो सकेंगें।

## नेशनल लोक अदालत आज..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

शनिवार 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं व्यवहार न्यायालय केवलारी, छपारा एवं घंसौर में किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित समझौते योग्य आपराधिक प्रकरण, समस्त प्रकार के दीवानी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत संबंधी मामले तथा बैंक ऋण वसूली एवं जलकर वसूली के पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। आमजन एवं पक्षकारों से अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से कराएं, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत हो सके।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## भाजपा जिला कार्यालय में आज होंगी महत्वपूर्ण संगठनात्मक एवं प्रशिक्षण संबंधी बैठकें..

### 23-24 मई को होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियों को लेकर मंथन..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिवनी में शनिवार 9 मई 2026 को संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी।

जिला भाजपा मीडिया विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दोपहर 2:00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में प्रशिक्षण प्रबंधन टोली की बैठक आयोजित होगी। बैठक में प्रशिक्षण प्रभारी एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बालाघाट सत्यनारायण अग्रवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन उपस्थित रहेंगे।

प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आगामी 23 एवं 24 मई को दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग' आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं, संगठनात्मक समन्वय एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण प्रबंधन टोली की यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इसी दिन अपराह्न 3:30 बजे भाजपा जिला संगठन प्रभारी एवं विधायक अशोक रोहाणी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन की उपस्थिति में जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक के लिए निम्न श्रेणी के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति अपेक्षित की गई है. सांसद एवं विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी आपेक्षित है। जिला भाजपा द्वारा अपेक्षित श्रेणी के सभी दायित्ववान पदाधिकारियों से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
# शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

शनिवार 09 मई 2026




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975




# लगातार सत्ता में आने के बावजूद भी भाजपा को किसी से डर लगता है तो वो कांग्रेस है - संतोष जैन

## जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय सिंह उईके के नेतृत्व मे किया गया नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियो का सम्मान..



जगप्रेरणा बालाघाट।
***आज 08 मई 2026 को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय हनुमान चौंक बालाघाट में नव नियुक्त कर्मठ, जमीनी जन नेता एवं पदाधिकारियों का विभिन्न-विभिन्न पदों पर नियुक्त किये जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय सिंह उईके के नेतृत्व में शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।***

इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों व जुझारु कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय सिंह उईके ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा ने सरकार बना ली, लेकिन प्रदेश की सरकार को बालाघाट के कांग्रेसियों ने जमीन पर लिटा दिया। श्री उईके ने कहा कि बालाघाट जिले की छह विधानसभा में से हमने चार जीत ली, और पांच सीटों पर चुनाव जीतते जीतते रह गए, ये हमारे बालाघाट जिले में कांग्रेस की ताकत है। श्री उईके ने कहा कि हम स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा में नहीं बल्कि भाजपा के षडयंत्रों और सत्ता पर बने रहने की नीतियों से हारकर सरकार नहीं बना पा रहे हैं, और सरकार बनाई थी तो भाजपा ने उस सरकार को भी दलालों के माध्यम से खरीद ली। श्री उईके ने कहा कि हमने तो अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी है, और 200 साल हुकुमत करने वाले अंग्रेजों को इस देश से भगाया है, ये 10-15 साल की सरकारें जो इतना दंभ भरते हुए कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देख रही है, वह दिन भी आएंगे कि जब भाजपा मुक्त भारत देश की जनता कर देगी, और इसकी शुरुआत हम अपने बालाघाट जिले से करेंगे। श्री उईके ने समस्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से उत्साह बढ़ाया।

### यह रहे उपस्थित..

कांग्रेस के समारोह में प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके, पूर्व विधायक हीना कावरे, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष संतोष जैन, श्रीमती पुष्पा बिसेन, अंजु जायसवाल, अशोक मंडलेकर, श्याम पंजवानी, जीतु बर्वे, अनुभा मुंजारे, सुनील जैन, मुकेश चौहान, दयाल वासनिक, राकेश डहरवाल, शफकत खान, अनिल शर्मा संहित बड़ी संख्या में नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बोले संतोष जैन..

जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष तथा छात्र दौर से कांग्रेस संगठन के लिये काम करते हुए युवक कांग्रेस, सेवादल एवं जनप्रतिनिधि के रुप में नगर पालिका परिषद में पार्षद के तौर पर सेवाओं में अग्रणी रहे संतोष जैन ने कहा कि आज वह दौर है कि जब भाजपा अनेक राज्यों में लगातार सरकार बना रही है। बीते 2014 में जब नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए और भाजपा की सरकार बनी, तब से भाजपा चुनावों में चुनाव नहीं लड़ रही, बल्कि चुनाव पर कब्जा कर रही है, और चुनाव लुट रही है। श्री जैन ने कहा कि भले ही भाजपा मनमानी कर रही है, उनके पास ताकत है। एक छोटे से कार्यालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक उन्होंने अपनी दखल बनाकर अंग्रेजों से भी कहीं घातक रुप में देश में कब्जा कर रखा है। लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं, लेकिन फिर भी इतनी शक्तिशाली पार्टी को किसी से डर लगता है तो वो कांग्रेस से। संतोष जैन ने कहा कि कांग्रेस हमारी रगों में है, और वास्तविकता में कांग्रेस हमारे देश के जन जन की रग रग में है। और मैं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से यही आहवान करुंगा कि जिस तरह से हमने 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त दी, हमारा प्रयास होगा कि आने वाले समय में नगर पालिका, पंचायत चुनाव से लेकर विधानसभा और लोकसभा में भी अब हम कांग्रेस के उम्मीदवारों को चुनाव जीताकर देश को भाजपा मुक्त करने की शुरुआत बालाघाट से करेंगे।

### बोली हीना कावरे..

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव सुश्री हिना कावरे ने कांग्रेस पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि जब आजादी के बाद कांग्रेस सत्ता में आई थी, तब कांग्रेस ने आम आदमी को अपना नेता चुनने का और अपनी सरकार बनाने का अधिकार लोकतंत्र की स्थापना करके दी थी। कांग्रेस ने ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नेतृत्व में देश को मौलिक अधिकारों से युक्त संविधान दिया। आजादी के बाद जब कांग्रेस ने नेतृत्व किया, तब भी पंडित जवाहरलाल नेहरु जी ने यह नहीं सोचा कि हम ही सत्ता में रहेंगे, तो सवाल ही नहीं उठता की उनके कदमों पर चलने वाली कांग्रेस सत्ता के लिये कभी भूखी होगी। हीना कावरे ने कहा कि चुनाव में हार और जीत तो लगी रहती है, महत्वपूर्ण यह है कि क्या हम जनसेवा में पीछे हैं। क्या हम देश के प्रति कर्त्तव्य में पीछे हैं। हम कहीं पीछे नहीं है। हम बिल्कुल आगे हैं, और देश की जनता की नजरों में डाला गया परदा अब उतरने लगा है, आप हम सभी देखेंगे कि सत्ता का दुरुपयोग करके प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह संगठन और सरकार चलाने वाली भाजपा को भाजपा के कार्यकर्ता ही उखाड़कर फेंक देंगे। हीना कावरे ने सभी कार्यकर्ताओं को हमेशा जनहित के कार्यों में अग्रणी बने रहकर कार्य करने मार्गदर्शन दिया।

# वरिष्ठ कवि एवं शायर अनुज तिवारी का दुखद निधन.. पंचतत्वो में हुए विलिन



जगप्रेरणा बालाघाट।
***बालाघाट नगर व जिले के प्रसिद्ध कवि एवं शायर तथा साहित्यकार तथा जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रहे***

स्व. सुरजप्रसाद तिवारी के सुपुत्र एवं अधिवक्ता नीरज तिवारी के छोटे भाई अनुज तिवारी का आज 08 मई को सुबह 6 बजे कैंसर रोग से लडते हुए दुखद निधन हो गया। स्व. अनुज तिवारी को बालाघाट नगर में व्यवहारकुशल, निष्पक्ष, बेबाक स्वभाव के लिये जाना एवं पहचाना जाता था, तथा जिले से लेकर प्रदेश एवं देश के ख्यातिप्राप्त कवि एवं शायरों में उन्होंने पहचान स्थापित की थी। स्व. अनुज तिवारी के दुखद निधन उपरांत आज 08 मई को शाम 4 बजे उनके पार्थिव देह की अंतिम यात्रा निज निवास सत्य संध्या लान, पवार मंगल भवन के पास से निकाली गई। स्व. अनुज तिवारी को बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाठक, महासचिव अजय मिश्रा ने स्व. अनुज तिवारी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए बड़ी क्षति बताया।

# हृदय रोग शिविर का सफल आयोजन, कलेक्टर मीना ने किया औचक निरीक्षण



जगप्रेरणा बालाघाट।
कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत 08 मई 2026 को डीईआईसी जिला चिकित्सालय बालाघाट में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष हृदय रोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश दिए।

यह शिविर जन्म से 18 वर्ष तक के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए आयोजित किया गया था। शिविर में जबलपुर से आए शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ के. एल. उमा माहेश्वर, मुंबई नारायण अस्पताल से डॉ प्रिया प्रधान एवं गैलेक्सी अस्पताल से डॉ इशरत अहमद ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 93 बच्चों की ईको जांच की गई। सिविल सर्जन डॉ निलय जैन ने बताया कि बालाघाट जिले के सात विकासखंडों से चिन्हित लगभग 93 बच्चों को शिविर में बुलाया गया था। जांच उपरांत 19 बच्चों का सर्जरी हेतु चयन किया गया, जबकि दो बच्चों को तत्काल उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर भर्ती कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा 23 बच्चों को छह माह बाद पुनः जांच के लिए बुलाया गया तथा 26 बच्चों का सर्जरी उपरांत फॉलोअप किया गया। वहीं 25 बच्चे सामान्य पाए गए। डॉ परेश उपलप ने बताया कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले में ÷मिशन हार्ट÷ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 2 मई को बैहर सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया था तथा 8 मई को डीईआईसी जिला चिकित्सालय बालाघाट में यह शिविर आयोजित किया गया। दोनों शिविरों में कुल 147 बच्चों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 34 बच्चों की सर्जरी कराई जाएगी तथा 28 बच्चों को छह माह बाद फॉलोअप के लिए बुलाया जाएगा। साथ ही 31 बच्चों का सर्जरी उपरांत फॉलोअप भी किया गया। डॉ परेश उपलप ने बताया कि शिविर के सफल संचालन हेतु जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक आरबीएसके श्री राजाराम चक्रवर्ती को नोडल अधिकारी बनाया गया था। उनके समन्वय में शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में डॉ नितेंद्र रावतकर, डॉ राहुल गेडाम, डॉ सुनीता राहंगडाले, डॉ विकेश भालेराव, डॉ प्रीति भंडारकर, डॉ तृप्ति पाठक, डॉ कामिनी टेंभरे, डॉ त्रिवेणी मेश्राम, डॉ संदीप मेश्राम, डॉ संजय घोरमारे, डॉ रामलाल पंचेश्वर, डॉ श्रवण ठाकरे सहित डीईआईसी बालाघाट के नर्सिंग ऑफिसर एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर साई राम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा मरीजों एवं परिजनों को निःशुल्क भोजन वितरण भी किया गया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास संबंधी कार्यों की समीक्षा






जगप्रेरणा बालाघाट।
***कलेक्टर श्री मृणाल मीना 08 मई को स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य तथा बच्चों व महिलाओं से जुडी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दोनो विभागों के अधिकारियों***

को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। गर्भवती माताओं के एएनसी पंजीयन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विकासखंड बैहर की प्रगति संतोषजनक नही है। बीएमओ लामता एवं लालबर्रा के अंतर्गत एनीमिया से ग्रसित गर्भवती माताओं का चिन्हांकन लक्ष्य के अनुरूप नही हो रहा है।

कलेक्टर श्री मीना ने सभी गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन करने एवं उनकी नियमित एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी गर्भवती माता अनमोल पोर्टल पर पंजीयन से नही छुटना चाहिए। कुल पंजीकृत गर्भवती माताओं में 25 प्रतिशत एनीमिक पायी जाती है, ऐसी गर्भवती माताओं के सुरक्षित प्रसव का उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए।

### गर्भवती माताओं एवं बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण के दिये निर्देश..

टीकाकरण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी गर्भवती माताओं एवं बच्चों का नियमित रूप से शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने टीकाकरण के लिए ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स समिति की नियमित रूप से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। जिला चिकित्सालय की नवजात शिशुओं के उपचार की एसएनसीयू के कार्यों की समीक्षा के दौरान इस ईकाई की व्यवस्थाओं को और बेहतर व उत्कृष्ट बनाने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि इस ईकाई में भर्ती होने वाले शिशुओ का उपचार शत प्रतिशत सफल होना चाहिए और यहॉ से शिशुओ को अन्य स्थान पर रेफर करने की आवश्यकता नही होना चाहिए।

### क्षय रोगियों को दवाओं के साथ फूड बास्केट भी प्रदाय की जाए..

कलेक्टर श्री मीना ने क्षय नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। क्षय रोगियों की पहचान कर उनका उपचार किया जाए और इसमें सामाजिक व जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। क्षय रोगियों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए उन्हें दवाओ के साथ फूड बास्केट का वितरण किया जाए और इसमें सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाए, जिससे जिला क्षय रोग से मुक्त हो सके।

स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में संतोषजनक प्रगति नही पाये जाने पर कलेक्टर श्री मीना ने बिरसा एवं बैहर के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों का 02 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बीएमओ एवं बीपीएम को निर्देशित किया कि फिल्ड में काम करने वाले सभी एएनएम, सीएचओ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति सार्थक एप्प से दर्ज की जाए और इसी के आधार पर उनका वेतन आहरण किया जाए।

### कोई भी पात्र महिला मातृ वंदना योजना से न रहे वंचित

महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान सबसे पहले प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने इस योजना का अधिक से अधिक पात्र महिलाओं का पंजीयन कर उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिये और कहा कि कोई भी पात्र महिला इसके लाभ से वंचित नही रहना चाहिए। कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उपचार की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि इस कार्य को गंभीरता के साथ किया जाए। चिन्हित कुपोषित बच्चों का उपचार कर उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाने के लिए कारगर प्रयास किये जाए। पोषण ट्रेकर एप्प पर इसकी एंट्री की जाए। 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों का शाला पूर्व शिक्षा के लिए शत प्रतिशत पंजीयन किया जाए। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आंगनवाडी भवनो का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

### आंगनवाडी पर्यवेक्षकों सतत करना होगा आंगनवाडी केंद्रो का भ्रमण

कलेक्टर श्री मीना ने सभी आंगनवाडी पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपना कार्य जिम्मेदारी के साथ करे और अपने क्षेत्र के आंगनवाडी केंद्रो का सतत भ्रमण कर आंगनवाडी की सेवाओं पर निगरानी रखे। जो सुपरवाईजर संतोषजनक कार्य नही करेगी उनके विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी गई। किरनापुर की बाल विकास परियोजना अधिकारी के बिना अवकाश स्वीकृत कराये अवकाश पर चले जाने पर नाराजगी जाहिर की गई और उनका नो-वर्क-नो-पे के आधार पर वेतन काटने के निर्देश दिये गए।


**क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..**
*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*


# 3 दिन पहले ई केवायसी के लिये निकली पत्नी हुई लापता.. पति ने पुलिस अधीक्षक के पास लगाई गुहार..





जगप्रेरणा बालाघाट।
***बालाघाट नगर के वार्ड नं. 13 बूढ़ी निवासी विजय गणेशप्रसाद मलघाटी उम्र 32 वर्ष ने आज बालाघाट पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी लापता पत्नी को ढूंढने की गुहार लगाई है। फरियादी विजय ने बताया कि उसकी पत्नी तीन दिनों***

से लापता है, जिसका कहीं कोई पता नहीं चल रहा है, तथा पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने के बाद भी पुलिस ध्यान नहीं दे रही, इसलिये वह पुलिस अधीक्षक महोदय के पास फरियाद लेकर पहुंचा है।

### 05 मई को दोपहर मे हुई लापता..

विजय मलघाटी ने जगप्रेरणा को बताया किमैं अपनी पत्नी श्रीमती रेखा मलघाटी के साथ दिनांक 05.05.2026 को 12.45 बजे यूनियन बैंक आया था, वहां से 01.00 बजे मैं अपनी नत्नी बरखा को बैंक में के.वाय.सी. करवाने के लिए छोड़कर अपने काम से चला गया, उसके बाद 01.39 बजे मेरी पत्नी का मुझे फोन आया कि मैं सांई कैफे जा रही हूँ, यहां के. वाय. सी. नही हो रही है, फिर कुछ देर बाद करीबन 01.55 बजे फोन आया कि यहां भी के. वाय. सी. नही हो रही है, मैं पोस्ट ऑफिस जा रही हूं, और उसके बाद मैंने 02.30 बजे अपनी पत्नी को फोन लगाया तो उसका फोन बंद आया. उसके बाद मैं पोस्ट आफिस पहुंचा तो वह वहां नहीं थी। तो वह वहा नही थी। उसके बाद मैंने उसके घर पहुंचने की जानकारी ली तो पता चला कि वह घर भी नहीं पहुंची है। उसके बाद मैंने ससुराल और अन्य रिश्तेदारों से भी संपर्क किया तो मेरी पत्नी का कहीं पता नहीं चला। मैंने उसी दिन पुलिस थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट भी दर्ज करा दी थी।

### बोला बच्चे घर में रो रहे, मेरा भी पत्नी के मारे बूरा हाल..

विजय मलघाटी ने बताया कि उसकी पत्नी के लापता होने को तीन दिन हो गए हैं, लेकिन पुलिस द्वारा कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है। ईधर घर में मेरे दो बच्चे जिसमें एक बेटा गौरव मलघाटी आयु 12 वर्ष, और उसका रौनक मलघाटी आयु 07 वर्ष एवं माताजी श्रीमती रेखा मलघाटी का घर में रो रोकर बूरा हाल है। बच्चे मम्मी को याद कर करके रो रहे हैं, और मेरा भी यही हाल है। अचानक इस तरह से मेरी जिंदगी उजड़ सी गई है। मेरी पत्नी का पता नहीं चलने से घर में मातम पसरा हुआ है। मेरी मांग है कि पुलिस अधीक्षक महोदय मेरी पत्नी का पता लगाकर वह किस तरह की अनहोनी की शिकार हो गई, उसकी जांच करें, और मुझे और मेरे बच्चों को न्याय प्रदान करे।

फरियादी विजय मलघाटी ने बताया कि उसका विवाह 12 वर्ष पूर्व हुआ था, और उसने लव मैरिज की थी।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# अब खुले ट्रांसफॉर्मरों पर सुरक्षा कवच, हट्टा विद्युत मंडल ने शुरू की विशेष पहल

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सार्वजनिक स्थानों, मुख्य सड़कों, चौराहों एवं स्कूलों के आसपास लगे खुले ट्रांसफॉर्मरों से संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हट्टा विद्युत मंडल द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। सुरक्षा को प्राथमिकता देते***






हुए ट्रांसफॉर्मरों के आसपास मजबूत बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा घेरा तैयार किया जा रहा है, ताकि आमजन एवं पशुओं को किसी भी प्रकार के विद्युत खतरे से बचाया जा सके। हट्टा विद्युत मंडल अंतर्गत हट्टा बाजार चौक, डुंडासिवनी पंचायत चौक, पाथरी, नाहरवानी मार्ग तथा हाई स्कूल सिवनीकला सहित विभिन्न स्थानों पर यह कार्य तेजी से किया जा रहा है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा खुले एवं सड़क किनारे स्थित ट्रांसफॉर्मरों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने का कार्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार वाहन चालकों की लापरवाही के चलते ट्रांसफॉर्मरों से टक्कर होने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती थी। ऐसे में ट्रांसफॉर्मरों के चारों ओर लकड़ी के बैरिकेडिंग किए जाने से दुर्घटनाओं पर काफी हद तक रोक लग सकेगी। अधीक्षण अभियंता दीपक उइके एवं कार्यपालन अभियंता रवि कुम्हरे ने बताया कि विद्युत मंडल द्वारा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां ट्रांसफॉर्मर सार्वजनिक मार्गों एवं आबादी के समीप स्थित हैं। वहां चरणबद्ध तरीके से सुरक्षा कार्य कराए जा रहे हैं। जेई बिरजू ऊईके ने बताया कि हट्टा विद्युत मंडल अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में ट्रांसफॉर्मरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा लगातार निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य भी किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं बेहतर विद्युत सुविधा मिल सके।

# नहाने गई वृद्धा गहरे पानी में डूबी, दूसरे दिन नाले से मिला शव..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा थाना क्षेत्र के नाटा अंतर्गत डंडईझोला गांव के पास स्थित कन्हार नाला में डूबने से 70 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर महिला की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।***





दूसरे दिन सुबह ग्रामीणों की मदद से महिला का शव नाले से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुक्ति बाई मेरावी (70) पति स्वर्गीय बलीराम मेरावी निवासी डंडईझोला, 6 मई की शाम करीब 4:30 बजे गांव के पीछे स्थित कन्हार नाला में नहाने गई थीं। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान पत्थर पर पैर फिसलने से वह संतुलन खो बैठीं और गहरे पानी में चली गईं। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने गांव और आसपास के क्षेत्र में खोजबीन शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका।

मृतिका के बेटे पतिराम मेरावी ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ जंगल में चार-बीजी बिनने गया था। शाम को घर लौटने पर मां घर में नहीं मिलीं। बच्चों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि वह घर के सामने तरफ गई थीं। इसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ रातभर तलाश की, लेकिन महिला का पता नहीं चल पाया।

अगले दिन सुबह परिजन और ग्रामीण कन्हार नाला पहुंचे, जहां घाट किनारे मृतिका की साड़ी, ब्लाउज, रूमाल, साबुन और गुड़ाखू की डिब्बी पड़ी मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने नाले में तलाश शुरू की और कुछ देर बाद महिला का शव बरामद कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की।

शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राथमिक जांच में पानी में डूबने से मौत होना सामने आया है। मामले की जांच कर रहे सहायक उपनिरीक्षक रतन कुंजाम ने बताया कि धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही

# कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यालयों में पहुंची महाविद्यालय टीम, विद्यार्थियों को दिया प्रवेश मेले का आमंत्रण

जगप्रेरणा बालाघाट।

***उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ÷कॉलेज चलो अभियान÷ के द्वितीय चरण के अंतर्गत 07 मई 2026 को महाविद्यालय की अभियान दल टीम द्वारा श्याम बिहारी वर्मा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट का भ्रमण किया गया।***




अभियान के दौरान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने एवं महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. योगेश कुमार विजयवार, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार मेश्राम तथा सदस्य डॉ. मिथिलेश्वरी घोरमारे उपस्थित रहे। टीम ने विद्यालय के प्राचार्य शरद ज्योतिषी से 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की सूची उनके पते एवं मोबाइल नंबर सहित प्राप्त की।

अभियान दल द्वारा विद्यार्थियों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर उन्हें महाविद्यालय में आयोजित होने वाले ÷कॉलेज चलो अभियान मेले÷ में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि मेले में प्रवेश प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 के विभिन्न प्रावधानों एवं अवसरों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

जानकारी के अनुसार ÷कॉलेज चलो अभियान मेला÷ 09 मई 2026 को दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिले के विभिन्न विद्यालयों की सूची जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त कर संबंधित विद्यालयों को भी मेले में सम्मिलित किए जाने की तैयारी की जा रही है।

# भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग 9 से..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारतीय किसान संघ जिला बालाघाट द्वारा किसानों के हितों एवं जैविक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग (कार्यशाला) का आयोजन 9 एवं 10 मई 2026 को***



विवेक ज्योति स्कूल, वार्ड क्रमांक 24, गंगानगर बालाघाट में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 9 मई को दोपहर 3 बजे होगा तथा 10 मई को शाम 4 बजे के पश्चात समापन किया जाएगा। संगठन के अनुसार जिले की पूर्ण कार्यकारिणी एवं तहसील स्तर के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। प्रशिक्षण वर्ग में विशेष रूप से जैविक खेती, गौ आधारित पारंपरिक कृषि, किसान समस्याओं के समाधान तथा संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा होगी। भारतीय किसान संघ ने कहा कि किसान आज बिजली, पानी, फसल के उचित मूल्य, प्राकृतिक आपदा, कीट रोग, सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। इन सभी विषयों पर संगठन किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन किसानों का, किसानों के लिए एवं किसानों द्वारा संचालित गैर-राजनैतिक राष्ट्रवादी संगठन है। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री जगदीश मदनकर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुशील ब्रम्हे, संभागीय संगठन मंत्री हरीप्रसाद चावले सहित जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। संगठन ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान करते हुए कहा - 'देश के हम भंडार भरेंगे और कीमत पूरी लेंगे, किसान शक्ति जागेगी सारी समस्या भागेगी।'

कार्यालय ग्राम पंचायत कुगांव जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म0प्र0)

क्रमांक/02/ग्रा.प./ दिनांक 08/05/2026

**।। निविदा सूचना ।।**

15 वे वित्त एवं 5 वे वित्त योजना से ग्राम पंचायत कुगांव में सार्वजनिक कुप एवं पाईप पुलिया व अन्य निर्माण कार्य के लिए सामग्री यथा सीमेंट रेत गिट्टी, लोहा, मुरूम,आदि की आवश्यकता है। इच्छुक सप्लायर्स दिनांक 09/05/026 से 12/05/026 तक कार्यालीयन समय में ग्राम पंचायत कुगांव में मोहर बंद लिफाफे में निविदा जमा कर सकते हैं। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखे जा सकते हैं। निविदा पर अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत द्वारा लिया जाएगा।

सरपंच<br>श्रीमती बिसता आर्मो

उपसरपंच<br>श्री महासिंह मरकाम

सचिव<br>श्री रवि वासनिक

ग्राम रोजगार सहायक<br>श्री दीपकपाल धुर्वे

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुगांव<br>जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म. प्र.)

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

# 1928 किसानों से 49 हजार 567 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी..

## किसानों के खाते में पहुंची 04.40 करोड़ रुपये की राशि

जगप्रेरणा बालाघाट।

***रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। चालू सीजन में जिले के 1928 किसानों से 49 हजार 567 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 04 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है।***

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि बालाघाट जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

इनमें से 2908 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए अपना स्लाट बुक करा चुके है। जिले के सभी 13 केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से गेहूं की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 08 मई तक जिले के 1928 किसानों से 13 करोड 01 लाख 13 हजार 375 रुपए के 49 हजार 567 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों को अब तक 04 करोड 40 लाख रुपए से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि किसानों के बैंक खाते में पहुंच चुकी है। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बोनस सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। सभी खरीदी केन्द्रों पर किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए छाया, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थायें की गई है।

# अनुसूचित जनजातियों के हितों की योजनाओं की हुई समीक्षा..

## आयोग सदस्य भगत सिंह नेताम ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम ने शुक्रवार 08 मई को बैहर परियोजना कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह कार्यशाला में जिले में अनुसूचित जनजातियों के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।







बैठक में श्री नेताम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कान्हा बफर क्षेत्र में आदिवासियों की कितनी भूमि सामान्य वर्ग के लोगों को ट्रांसफर हुई है, इसकी गंभीरता से जांच की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि एचसीएल से प्रभावित आदिवासियों को आदर्श पुनर्वास योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि सामुदायिक वन संसाधन (सीएफआर) से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाई जाए तथा वन क्षेत्रों में अनावश्यक सड़कों के निर्माण से बचा जाए। इसके साथ ही पेसा एक्ट के तहत नियुक्त मोबिलाइजरों की गतिविधियों में गति लाने के निर्देश भी दिए गए। श्री नेताम ने मनरेगा मजदूरों के लंबित भुगतान शीघ्र कराने पर जोर देते हुए कहा कि श्रमिकों को समय पर मजदूरी मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिले में निवासरत भारिया जनजाति के हितग्राहियों को आहार अनुदान योजना का लाभ दिलाया जाए। बैठक में ग्राम समरिया की पेयजल व्यवस्था को सुचारू करने तथा वर्षा ऋतु से पूर्व पुल-पुलियाओं के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए गए। बैठक सह कार्यशाला के दौरान श्री भगत सिंह नेताम ने बैहर विकासखंड के ग्राम सुमेरीखेड़ा निवासी नरसिंह तेकाम, सुखलाल उईके, मेहतर परदेशी, सुखराम एवं जानकी बाई को वन अधिकार पट्टों का वितरण भी किया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥

प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।




वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


सोने, चांदी व हीरे जड़ित
आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
शुद्धता और विश्वास की अनूठी परंपरा
गणपति ज्वेलर्स
महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट मो. 9893129013






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# थाना रामपायली पुलिस ने 48 घंटे में किया जघन्य अंधे हत्याकांड का खुलासा

## हत्या को सडक दुर्घटना का रूप देने का किया गया प्रयास, 05 आरोपी गिरफ्तार



जगप्रेरणा रामपायली।

***दिनांक 06.05.2026 को डायल-112 से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गर्राबोडी जंगल मार्ग में एक युवक मोटरसायकल सहित संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर थाना रामपायली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक युवक सड़क किनारे मोटरसायकल***

सहित मृत अवस्था में मिला। मृतक की पहचान तरुण पिता टोपसिंह लिल्हारे उम्र 23 वर्ष निवासी खैरलांजी के रूप में हुई। मौके पर मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए तथा पास में टूटा मोबाइल, फ्टा शर्ट एवं चप्पल आदि सामान पड़ा मिला। मौके पर रामपायली पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया ।

मृतक का पीएम कराए जाने पर रिपोर्ट में मृत्यु अनेक गंभीर बाह्य चोटों के कारण होना तथा मृत्यु द्धश्वद्वद्बष्द्बस्रड्डद्य ठ्ठड्डह्लह्वह्ल्द्ग की होना पाया गया। जांच के दौरान मृतक के पिता टोपसिंह लिल्हारे द्वारा बताया गया कि मृतक का ग्राम ऐरवाटोला निवासी युवती से लंबे समय से प्रेम संबंध था तथा युवती की शादी अन्यत्र तय होने के कारण दोनों पक्षों के बीच विवाद एवं तनाव की स्थिति बनी हुई थी । । उक्त तथ्यों के आधार पर थाना रामपायली में अपराध क्रमांक 171/2026 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक बालाघाट महोदय द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान बारात की वीडियोग्राफी, मोबाइल कॉल डिटेल एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया, जिसमें मृतक घटना वाली रात शादी समारोह में उपस्थित होना पाया गया। विवेचना में ज्ञात हुआ कि शादी समारोह में मृतक एवं युवती के परिजनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने मृतक को शादी स्थल के पीछे ले जाकर हाथ-मुक्कों एवं लाठी-डंडों से बेरहमीपूर्वक मारपीट की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक तरुण लिल्हारे एवं युवती के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। युवती की शादी अन्यत्र तय होने एवं मृतक के शादी समारोह में पहुंचने से युवती के परिजन आक्रोशित हो गए। इसी विवाद के चलते आरोपियों ने मृतक के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। बाद में घटना को सड़क दुर्घटना दर्शाने के उद्देश्य से शव को मोटरसाइकिल सहित जंगल मार्ग में फेंककर साक्ष्य छिपाने का प्रयास किया गया।

हत्या के बाद आरोपियों द्वारा शव को मोटरसायकल सहित गर्राबोडी जंगल मार्ग में सड़क किनारे फेंककर घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा सतत पूछताछ, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी के डंडे, कपड़े एवं अन्य सामग्री जप्त की गई।

वेदप्रकाश पिता लोटन लिल्हारे निवासी येरवाटोला थाना रामपायली, हरिप्रकाश पिता लोटन लिल्हारे निवासी येरवाटोला थाना रामपायली, दिलीप पिता लक्ष्मण लिल्हारे निवासी येरवाटोला थाना रामपायली, कमलकिशोर पिता निलकरण निवासी येरवाटोला थाना रामपायली, योगेश पिता छोटेलाल वरकड़े निवासी येरवाटोला थाना रामपायली को गिरफ्तार किया गया।

घटना में प्रयुक्त लकड़ी के डंडे, आरोपियों के कपड़े एवं जूते जप्त किए गए हैं। उक्त कार्रवाई श्रीमान पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय एवं एसडीओपी वारासिवनी श्री अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामपायली धर्मराज बघेल, थाना प्रभारी खैरलांजी दीपक गौतम, कार्यवाहक उपनिरीक्षक कलशराम उईके, सउनि नरेंद्र गहरवार तथा पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

# थाना वारासिवनी पुलिस की कार्यवाही - सूदखोर सुनील अरोरा निवासी वारासिवनी गिरफ्तार..

## एक सोची समझी कार्यप्रणाली के तहत सूदखोरी कर लोगो को ज्यादा रेट पर ब्याज देकर कर्ज के जाल में फंसाकर अवैध रूप से वसूली का व्यवसाय संचालित कर लोगो का करता था शोषण..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***वारासिवनी क्षेत्र मे उंचे ब्याज दर के जाल में फ्साकर आर्थिक रूप से शोषण किये जाने की शिकायतो को गंभीरता से लेते हुये वारासिवनी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये एक सूदखोर आरोपी अनिल अरोरा पिता प्रीतमलाल अरोरा उम्र 45 साल निवासी वार्ड नं. 07 लालबर्रा रोड़ वारासिवनी को गिरफ्तार किया है।***

आवेदकों के द्वारा की गयी शिकायत आवेदन पत्र की संयुक्त जांच पर आरोपी सुनील अरोरा का कृत्य एक सोची समझी कार्यप्रणाली के तहत सूदखोरी कर लोगो को अवैध रुप से अत्यधिक ब्जाय दर पर ब्याज देकर कर्ज के जाल में फंसाकर बेईमानी से उनके एटीएम कार्ड, भूमि के दस्तावेज, हस्ताक्षरित कोरे चैक, हस्ताक्षरित कोरे स्टांप, हस्ताक्षरित कोरे कागज, वाहन के दस्तावेज अपने पास रखकर लोगो को डरा धमका कर, आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर अवैध रूप से वसूली का व्यवसाय संचालित करता है। आरोपी सुनिल अरोरा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 183 / 26 धारा - 308 (5), 316(2) बीएनएस, म.प्र. ऋणियों का संरक्षण अधिनियम-1937 की धारा-3/4 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



विवेचना के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी सुनिल अरोरा सुनियोजित तरीके से लोगो को 5-10 प्रतिशत अत्यधिक ब्याज दर पर ऋण देकर ऋणजाल में फंसाता है । ऋण देने के साथ पीड़ितों की मजबूरी का लाभ उठाकर उनके एटीएम कार्ड ( पासवर्ड सहित), हस्ताक्षरित कोरे चैक, हस्ताक्षरित कोरे स्टांप पेपर, भूमि की रजिस्ट्री जैसे मूल संपत्ति दस्तावेज, हस्तारित कोरे कागज अवैध एवं अनिवार्य रूप से अपने पास जमा करवा लेता है। आरोपी न सिर्फलोगो का आर्थिक शोषण करता है बल्कि अवैध रूप से उसके कब्जे में रखे पीड़ितों के चेक व स्टाम्प से कानूनी प्रक्रिया का दुरूपयोग करते हुये स्वयं और अन्य व्यक्तियों के माध्यम से पीड़ितों पर चैक बाउंस ( एन.आई. एक्ट) के झूठे मुकदमे दर्ज करवाता है। अनावेदक पीड़ितों को इस स्तर तक प्रताड़ित करता है कि आवेदक अपनी जमीन बेचने को मजबूर हो जाते हैं। उसी मजबूरी का लाभ उठाते हुये जमीन की रजिस्ट्री कम दामों मे करवाकर मिले धनराशि को ब्याज के नाम पर स्वयं रख लेता है। विवेचना के दौरान आरोपी सुनिल अरोरा के कब्जे से बड़ी मात्रा में बैंक संबंधी दस्तावेज, भूमि संबंधी दस्तावेज व अन्य महत्तवपूर्ण दस्तावेज जैसे- ऋण पुस्तिका - 15 नग, ब्लेंक चैक - 153 नग, भूमि की रजिस्ट्री दस्तावेज - 15 नग, विभिन्न राशियों वाले कोरे स्टांप - 22 नग, हस्ताक्षरयुक्त कोरे कागज - 07 नग, जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जनजाति वर्ग) - 01, आधार कार्ड की छायाप्रति - 02, एटीएम कार्ड - 01, एलआईसी बॉण्ड - 01, मोबाइल फोन - 02, चार पहिया वाहन - 01 जब्त दस्तावेजों के संबंध में आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है तथा प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है। सुनील अरोरा पिता प्रीतम अरोरा, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 07 लालबर्रा रोड वारासिवनी, जिला बालाघाट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को पुलिस रिमांड मे लेकर पूछताछ की जा रही है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण..

## एफटीके किट से मौके पर हुई पानी के नमूनों की जांच





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट विकासखंड की ग्राम पंचायत भरवेली में गुरुवार 08 मई 2026 को जल गंगा संवर्धन गतिविधि के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) बालाघाट द्वारा आँवलाझरी एवं कोसमी सेक्टर***

की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पेयजल गुणवत्ता की नियमित निगरानी को मजबूत बनाना तथा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के प्रति जागरूक करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आँवलाझरी एवं कोसमी सेक्टर की लगभग 70 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने सहभागिता की। इस दौरान 60 कार्यकर्ताओं की स्नझ्र्य यूजर आईडी भी बनाई गई। प्रशिक्षण ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, श्रुति डहाटे, मोहिनी पटले एवं फ्नीश रंगारे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच कर यह बताया गया कि पानी में घुले विभिन्न तत्वों की पहचान कैसे की जाती है। कार्यकर्ताओं को मुख्य रूप से पानी के श्च॥ मान, फ्लोराइड की मात्रा, आयरन (लोहा) की मात्रा एवं पानी की कठोरता (हार्डनेस) की जांच करना सिखाया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन मानकों की नियमित जांच से पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है और जलजनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलेगी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड बालाघाट से ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के पेयजल स्रोतों की वर्ष में कम से कम दो बार मानसून से पहले एवं बाद में अनिवार्य रूप से जांच करें। प्रशिक्षण के पश्चात आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वयं रुचि लेकर अपने-अपने क्षेत्रों से लाए गए पेयजल स्रोतों की जांच की तथा स्नझ्र्य किट के उपयोग को व्यवहारिक रूप से समझा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह प्रशिक्षण गांवों में जल गुणवत्ता निगरानी को मजबूत करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खंड कार्यालय से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा, उपखंड से ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, मोहिनी पटले, श्रुति डहाटे, फ्नीश रंगारे तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्रीमती दीपिका पारधी उपस्थित रहीं। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बालाघाट श्री शैलेन्द्र चौकसे का भी कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# सुदूर वनांचल में विकास की नई धारा : 'नल से जल' ने बदली आमगांव की तस्वीर..

जगप्रेरणा बैहर।

***कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करने वाला बैहर विकासखंड का सुदूर वनांचल ग्राम आमगांव आज बदलाव की एक प्रेरणादायक कहानी बन चुका है। जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर दुर्गम पहाडियों और घने जंगलों के बीच बसे इस गांव में अब हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है।***





यह परिवर्तन संभव हुआ है केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना से, जिसने ग्रामीणों के जीवन में विकास की नई धारा प्रवाहित कर दी है।

### वर्षों पुरानी समस्या बनी थी अभिशाप

2372 की आबादी वाले ग्राम आमगांव की आठ बसाहटें पोंगर, माखनटोला, आबासटोला, चालीस क्वाटर, नहरटोला और घरसुटोल लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रही थीं। गांव की महिलाएं और बच्चे प्रतिदिन दूर जाकर पानी लाने को मजबूर थे। हैंडपंपों पर घंटों इंतजार करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका था। खेती-किसानी और मजदूरी पर निर्भर ग्रामीणों के लिए पानी जुटाना किसी कठिन संघर्ष से कम नहीं था।

### 'जल जीवन मिशन' बना उम्मीद की किरण

ग्रामीणों की इस पीड़ा को दूर करने के लिए वर्ष 2021-22 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आमगांव नल-जल योजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिली। लगभग 107.57 लाख रुपये की लागत से तैयार इस महत्वाकांक्षी योजना का निर्माण कार्य 02 फरवरी 2023 से प्रारंभ किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) बालाघाट के तकनीकी मार्गदर्शन और सतत निगरानी में योजना को गुणवत्तापूर्वक धरातल पर उतारा गया।

### अब हर आंगन में बह रहा स्वच्छ जल

योजना पूर्ण होने के बाद गांव के 441 घरों तक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जा रहा है। जिन महिलाओं के सिर पर कभी पानी से भरे बर्तनों का बोझ रहता था, आज उनके घरों में सहज रूप से जल उपलब्ध हो रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि अब उन्हें पानी के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती। इससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। महिलाएं अब अपने परिवार और स्वरोजगार पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं, वहीं बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित नहीं हो रही।

### स्वास्थ्य और स्वावलंबन की ओर बढ़ता गांव

स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से गांव में जलजनित बीमारियों में कमी आई है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार देखने को मिल रहा है। बचा हुआ समय अब खेती, पशुपालन और अन्य रोजगार गतिविधियों में लगाया जा रहा है, जिससे गांव आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

आमगांव के ग्रामीणों के चेहरों पर अब संतोष और खुशी साफ दिखाई देती है। ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मध्यप्रदेश सरकार तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के प्रति आभार व्यक्त किया है।

ग्रामीणों का कहना है ÷जल जीवन मिशन ने हमारे जीवन को आसान बना दिया है। अब हमें पानी के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। यह योजना हमारे गांव को विकास की मुख्यधारा से जोडने् वाली साबित हुई है।÷

# 450 किसानों से खरीदा गया 8998 क्विंटल चना,

## 08 मई तक 5 करोड़ 28 लाख 63 हजार रुपए से अधिक की हुई खरीदी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा दलालों एवं बिचौलियों के शोषण से बचाने के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी की व्यवस्था की गई है। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन के लिए गोदाम स्तर पर 08 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसानों से निर्धारित दर पर चना खरीदा जा रहा है।***

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में 08 मई 2026 तक कुल 450 किसानों से 8998 क्विंटल चना खरीदा जा चुका है। खरीदे गए चने का कुल मूल्य 05 करोड़ 28 लाख 63 हजार 144 रुपए है, जिसका भुगतान किसानों को नियमानुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए जिले के कुल 2609 किसानों ने पंजीयन कराया है।

जिले में चना खरीदी का कार्य 30 मार्च 2026 से प्रारंभ किया गया है तथा किसानों से 5875 रुपए प्रति क्विंटल की दर से चना खरीदा जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समर्थन मूल्य पर चना खरीदी 28 मई 2026 तक जारी रहेगी।

उपसंचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि पंजीकृत किसान चना विक्रय के लिए अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक स्लॉट बुक करा सकते हैं। अब तक 1140 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए स्लॉट बुक कराया जा चुका है।

किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर स्लॉट बुक कर अपनी उपज का विक्रय करें। प्रशासन द्वारा खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।


## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**


# ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (स्रूश्व) 'आत्मा' योजना के अंतर्गत जिले के ग्रामीण युवाओं को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 25 दिवसीय (आवासीय) ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण जिले के भीतर कृषि विज्ञान केन्द्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थानों एवं कृषि महाविद्यालयों में संचालित होगा।***

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी जाएगी, जिनमें उन्नत बीज उत्पादन तकनीक, वर्मीकम्पोस्ट निर्माण, जैविक खेती, मशरूम उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, कस्टम हायरिंग सेंटर संचालन, डेयरी प्रबंधन, बकरीपालन, मुर्गीपालन एवं अन्य कृषि से संबंधित विषय शामिल हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि इच्छुक युवा कृषक इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए अपने संबंधित विकासखण्ड के विकासखण्ड तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन जमा कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर

मो. 6261142145

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

# तेज रफ्तार ओवरटेक से मोटरसाइकिल सवार दंपति घायल, उच्च उपचार के लिए किया रेफर







जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के पीपलगांव मार्ग पर गुरुवार शाम दो मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 50 जेड के 3458 एवं एमपी 50 जेड जी 6785 की आमने सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई।***

इस सड़क दुर्घटना में एक मोटर साइकिल सवार दंपती घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा तेज गति और गलत दिशा से की गई लापरवाह ओवरटेकिंग के कारण हुआ। दुर्घटना के बाद घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक सावरी खुर्द निवासी रवि जामरे अपनी पत्नी नंदनी जामरे के साथ पीपलगांव स्थित ससुराल किसी दस्तावेजी कार्य से गए हुए थे। शाम करीब 4 बजे दोनों मोटर साइकिल से वापस लांजी लौट रहे थे। इसी दौरान पीपलगांव के पहले तीखे मोड़ पर सोनेसराड़ की ओर जा रहे तीन मोटर साइकिल सवार युवकों ने उनकी मोटर साइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवक तेज रफ्तार में चलते हुए एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे। मोड़ पर संतुलन बिगड़ने और सामने से आ रही मोटर साइकिल को पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण सीधी भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि रवि जामरे सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके दाहिने पैर में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। वहीं उनकी पत्नी नंदनी जामरे को भी शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए गोंदिया रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद मोटर साइकिल सवार दीपक और उसका एक साथी मौके से फरार हो गए, जबकि ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया।

पकड़े गए युवक की पहचान मोनू दह्लेमाल के रूप में हुई है, जिसे बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। इधर ग्रामीणों ने पीपलगांव मार्ग पर लगातार बढ़ रही लापरवाह वाहन चालकों की गतिविधियों पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमित निगरानी की मांग की है।

# सुभाष चौक की टूटी नाली और बदबू से लोग परेशान, स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल..





जगप्रेरणा लांजी।

***नगर परिषद लांजी द्वारा वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2025 चलाया जा रहा है, जिसके लिए बृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नगर में भारी संख्या में बेनर पोस्टर***

लगाए गए, किन्तु जमीनी स्तर पर सफाई के नाम पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। नगर की सफाई में लगने वाले कर्मचारी पार्षदों व अधिकारियों के घर पर काम कर रहे हैं। क्या कागजों में ही सम्पन्न हो जाएगा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान?

हमारे द्वारा रोजाना नगर की स्वच्छता को लेकर नगर परिषद का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है, देखना है कि क्या इसमें सुधार हो पाएगा। आज हम सुभाष चौक में सभा मंच के सामने बनी नाली व उसमें व्याप्त गंदगी का मुद्दा उठाया गया है।

नगर के सुभाष चौक पर जनपद काम्प्लेक्स के सामने बनी नाली वर्षों से टूटी-फूटी और खुली पड़ी है। सार्वजनिक शौचालय का पेशाब सीधे नाली में बहाया जा रहा है, जिसकी तेज बदबू ने पूरे इलाके के दुकानदारों और राहगीरों का जीवन दूभर कर रखा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर परिषद की अनदेखी जारी है।

## बदबू से दुकानदार बेहाल..

सुभाष चौक पर स्थित सभा मंच के ठीक पीछे बने सार्वजनिक शौचालय का मूत्रालय का पाइप नाली में खुला है। नाली टूटी होने के कारण निकासी नहीं हो पा रही और खुली नाली में सड़क का कचरा लगातार जमा होता जा रहा है। इससे सड़क किनारे तरबूज-ककड़ी बेचने वाली महिलाएं और दुकानदार दिन-रात बदबू में सांस लेने को मजबूर हैं।

## बोले दुकानदार इरफान कुरैशी..

स्थानीय दुकानदार इरफान कुरैशी ने बताया, 'सार्वजनिक पेशाबघर का मूत्र नाली में बहाया जा रहा है। नाली टूटी हुई है, निकासी नहीं है। खुली नाली में कचरा जमा हो जाता है, जो सड़कर पेशाब के साथ मिलकर भयंकर बदबू मारता है। हवा चलते ही दुकानदार और राहगीर परेशान हो जाते हैं।'

## बोले पार्थ पाण्डे..

'2022 से अब तक अनेक बार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर चुका हूं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। दुकान के सामने डस्टबीन लगा दी गई है, फिर भी सफाई नहीं हो रही। शौचालय का मूत्र और जमा गंदगी लगातार बदबू फैला रही है।'

## गणेश-नवरात्रि में भी परेशानी..

गंदगी के कारण सभा मंच पर कार्यक्रम आयोजित करना मुश्किल हो गया है। गणेश पर्व और नवरात्रि के दौरान समितियों को नाली को किसी तरह ढककर कार्यक्रम चलाने पड़ते हैं। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाली महिलाओं का कहना है कि बदबू इतनी तेज है कि गंभीर बीमारियां होने का खतरा मंडरा रहा है। दुकानदारों का सुझाव है कि यदि यहां पक्की कवर्ड नाली बना दी जाए तो उनकी परेशानी काफी हद तक कम हो सकती है।

## प्रशासन पर सवाल..

नगर परिषद को दर्जनों शिकायतें दी जा चुकी हैं, सीएम हेल्पलाइन पर भी मामला उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि कब तक चलेगी यह बदबू और लापरवाही? प्रशासन को तुरंत इस समस्या का स्थायी समाधान निकालना चाहिए, वरना स्वास्थ्य संकट गहरा सकता है।

# बिना अनुज्ञा परिवहन मामले में 3 वाहन मालिकों से वसूला जुर्माना..

## 22 हजार 220 रुपए हुए जमा..





जगप्रेरणा लांजी।

***कृषि उपज के अवैध परिवहन और राजस्व चोरी पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। मंडी नियमों के अनुसार अधिसूचित कृषि उपज का परिवहन बिना वैध अनुज्ञा पत्र, बिल अथवा***

आवश्यक दस्तावेजों के करना नियम विरुद्ध माना जाता है। ऐसे मामलों में मंडी प्रशासन द्वारा पांच गुना दांडिक मंडी शुल्क वसूलने का प्रावधान है। इसी क्रम में उपमंडी लांजी क्षेत्र में तीन अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए कुल 22 हजार 220 रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूल कर शासकीय खजाने में जमा कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल सोनी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भारसाधक अधिकारी मंडी बालाघाट तथा भानेश्वर प्रसाद तुरकर, सचिव कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के निर्देशन एवं कमलचंद्र सिंहसार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी के मार्गदर्शन में मंडी निरीक्षक वासुदेव बढ़ई, विनोद बंसोड़ तथा सहायक उप निरीक्षक नेलचंद बारबुदे द्वारा डुडवा घाट एवं घनसा क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना मंडी अनुज्ञा पत्र के कृषि उपज का परिवहन करते पाए जाने पर नियमानुसार पांच गुना दांडिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत 6 मई 2026 को वाहन क्रमांक एमएच 35 एजे 4017 में आलोक कुत्थे द्वारा गुलवा भानेगांव से गिरोला महाराष्ट्र के लिए 25 क्विंटल धान का परिवहन किया जा रहा था।

आवश्यक अनुज्ञा पत्र नहीं पाए जाने पर 6 हजार रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूला गया। वहीं 7 मई 2026 को वाहन क्रमांक एमएच 35 बीजी 1482 में डेनिस पांचें द्वारा टेमनी भानेगांव से बिरसोला महाराष्ट्र के लिए 16 क्विंटल धान का परिवहन किया जा रहा था। इस मामले में 3 हजार 920 रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया। इसी प्रकार 8 मई 2026 को वाहन क्रमांक एमएच 35 1808 में राजेश पिता रोशनलाल, निवासी कुंबिटोला महाराष्ट्र द्वारा थेमा से आमगांव महाराष्ट्र के लिए 90 क्विंटल धान का परिवहन किया जा रहा था। मौके पर मंडी अनुज्ञा पत्र नहीं मिलने पर 12 हजार 300 रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूला गया। तीनों प्रकरणों में कुल 22 हजार 220 रुपये की राशि वसूल कर शासकीय खजाने में जमा कराई गई।

मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। मंडी प्रशासन ने व्यापारियों एवं परिवहनकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिसूचित कृषि उपज का परिवहन बिना वैध अनुज्ञा पत्र और बिल के किसी भी स्थिति में न करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भारी गर्मी में विद्युत व्यवस्था लड़खड़ाई जरूरी कामकाज के साथ व्यापार प्रभावित



जगप्रेरणा लांजी।

***तहसील क्षेत्र लांजी में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बदहाल और अव्यवस्थित हो चुकी है। हालात इतने खराब हैं कि हल्की हवा चलने या मामूली आंधी-तूफान आते ही पूरा क्षेत्र ब्लैक आउट की चपेट में आ जाता है।***

ऐसा प्रतीत होता है मानो विद्युत विभाग ने पहले से ही तय कर रखा हो कि मौसम बिगड़ते ही जनता को अंधेरे में धकेल देना है। विडंबना यह है कि विभाग वर्षभर मेंटनेंस के नाम पर घंटों विद्युत आपूर्ति बंद रखता है, लेकिन उसके बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नजर नहीं आता। सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर यह मेंटनेंस होता किस चीज का है, जब हर दूसरे दिन बिजली व्यवस्था दम तोड़ देती है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बिजली विभाग केवल बिल वसूली में तत्पर दिखाई देता है, लेकिन सुविधा देने के नाम पर उपभोक्ताओं को ठेंगा दिखाया जा रहा है। नए मीटर लगने के बाद से उपभोक्ताओं के बिजली बिल बेलगाम घोड़ों की तरह दौड़ रहे हैं। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार हजारों रुपये के बिलों से परेशान हैं, जबकि बदले में उन्हें मिल रही है घंटों की कटौती, लो-वोल्टेज और बार-बार का ब्लैक आउट। जनता का कहना है कि विभाग उपभोक्ताओं से पूरी रकम तो वसूल रहा है, लेकिन सेवा देने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है।

## विद्युत व्यवस्था पर निर्भर व्यापारी हो रहे परेशान..

सबसे ज्यादा नुकसान उन छोटे-बड़े उद्योगों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को उठाना पड़ रहा है, जिनका संचालन पूरी तरह विद्युत व्यवस्था पर निर्भर है। अचानक बिजली गुल होने से मशीनें बंद हो जाती हैं, उत्पादन प्रभावित होता है और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। कई व्यापारियों का कहना है कि अनिश्चित बिजली कटौती के कारण उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है और ग्राहकों के सामने उनकी साख भी खराब हो रही है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब उपभोक्ता बिजली बंद होने की जानकारी लेने के लिए विभागीय कार्यालयों में संपर्क करते हैं तो उनके फोन तक रिसीव नहीं किए जाते। जनता घंटों परेशान रहती है, लेकिन विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की संवेदनहीनता खत्म होने का नाम नहीं ले रही।

## भगवान भरोसे विद्युत व्यवस्था..

लोगों का आरोप है कि विभाग ने शिकायत सुनना तक बंद कर दिया है और जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। लोगों का कहना है कि यदि विभाग हर वर्ष लाखों रुपये मेंटनेंस पर खर्च करने का दावा करता है तो फिर तारों में मामूली हवा सहने की क्षमता क्यों नहीं हैघ् आखिर क्यों हर बारिश और आंधी के साथ पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता हैघ् लोगों ने प्रशासन और शासन से मांग की है कि लांजी की चरमराई विद्युत व्यवस्था की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, अन्यथा आने वाले दिनों में जनता सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# आज लोक अदालत, लंबित मामलों का होगा निराकरण




जगप्रेरणा लांजी।

***राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई 2026, शनिवार को व्यवहार न्यायालय***

लांजी सहित जिलेभर के न्यायालयों में राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण एवं सचिव सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला न्यायालय एवं अधीनस्थ तहसील न्यायालयों में कुल 24 खंडपीठों का गठन किया गया है।

व्यवहार न्यायालय लांजी में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की खंडपीठ क्रमांक-16 निर्धारित की गई है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, दिवानी मामले, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत अधिनियम से जुड़े मामले, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, वैवाहिक विवाद, श्रम एवं राजस्व संबंधी मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा प्रीलिटिगेशन के तहत बैंक, विद्युत विभाग, नगरपालिका जलकर एवं संपत्तिकर वसूली तथा चेक बाउंस से जुड़े मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। तहसील विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय लांजी द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने लंबित न्यायालयीन अथवा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराकर समय एवं धन की बचत करें।

इच्छुक पक्षकार अपने अधिवक्ता के माध्यम से 9 मई को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट अथवा तहसील विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय लांजी के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के टोल फ्री नंबर 15100 पर भी निःशुल्क जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433

# पप्पूलाल गोयल पंचतत्व में विलीन



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के बालाघाट रोड़ हाऊबाग निवासी पप्पूलाल गोयल का 8 मई शुक्रवार को सुबह 5 बजे 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार दोपहर 12:00 बजे कोटेश्वर मोक्ष धाम में किया गया।***

**आप अपने पीछे दो पुत्र अमित गोयल, सुमित गोयल का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में इष्टमित्र, रिश्तेदार, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने शामिल होकर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की तथा इस दुख की घड़ी में ईश्वर से परिवार को शक्ति प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।**

# मौसम के बदले मिजाज से फसलों को भारी नुकसान

## किसान वर्ग चिंतित..





जगप्रेरणा लांजी।

क्षेत्र में इन दिनों मौसम का बदला हुआ मिजाज किसानों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। सुबह जहां आसमान पूरी तरह साफ रहता है और तेज धूप निकलती है, वहीं दोपहर बाद गर्मी और उमस लोगों को बेहाल कर देती है। लेकिन शाम करीब 4 बजे के बाद अचानक मौसम करवट ले लेता है। आसमान में घने बादल छा जाते हैं और तेज गर्जना के साथ आंधी-तूफान एवं हल्की बारिश का दौर शुरू हो जाता है। पिछले कुछ दिनों से लगातार यही स्थिति बनी हुई है। तेज हवाओं और बूंदाबांदी के कारण किसानों की कटाई के बाद खेतों में पड़ी फसल भीगने लगी है। कई किसान धान एवं अन्य फसलें काटकर घर लाने में जुटे हैं, लेकिन मौसम की बेरुखी उनके लिए नई मुसीबत खड़ी कर रही है। खेतों से लाई गई फसल को सुखाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि दिनभर की तेज धूप देखकर वे फसल सुखाने बाहर फैलाते हैं, लेकिन शाम होते-होते अचानक आंधी और बूंदाबांदी शुरू हो जाती है, जिससे अनाज में नमी बढ़ रही है। लगातार बदलते मौसम के कारण फसल खराब होने की आशंका भी बढ़ गई है। मौसम के इस अनिश्चित रवैये ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। एक ओर मेहनत से तैयार की गई फसल को सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो दूसरी ओर तेज हवाओं और बारिश से नुकसान का डर लगातार बना हुआ है।

# लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## भविष्य की राजनीति की दिशा तय करते मई 2026 के विधानसभा चुनाव परिणाम

मई 2026 में पश्चिमबंगाल, केरलम, तमिलनाडु और के विधानसभा चुनाव परिणाम केवल सत्ता परिवर्तन तथा असम और पुडुचेरी में सत्ता के नवीनीकरण के सांख्यिकीय आँकड़े मात्र नहीं हैं; बल्कि ये भारतीय लोकतांत्रिक चेतना और मतदाताओं के परिपक्व विवेक के जीवंत परिचायक हैं। आज का मतदाता लोक-लुभावन नारों या तात्कालिक संवेगों का अनुगामी न होकर विकास, सुशासन और सुरक्षा जैसे ठोस धरातलीय प्रतिमानों पर अपना जनादेश दे रहा है।

इन पाँच राज्यों के चुनावों का सर्वाधिक सशक्त संदेश यह है कि विद्वेषपूर्ण राजनीति की स्वीकार्यता अब निरंतर क्षीण हो रही है। जनमानस अब उन दलों और नेतृत्व को प्राथमिकता दे रहा है जो सामाजिक समरसता, स्थिरता और रचनात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। जाति, पंथ या क्षेत्रीय संकीर्णता पर आधारित तुष्टीकरण की प्रवृत्ति को सिरे से नकारना भारतीय लोकतंत्र की प्रौढ़ता का शुभ संकेत है।

चुनावों में 'एंटी-इनकंबेंसी' (सत्ता विरोधी लहर) के स्थान पर 'प्रो-परफॉर्मेंस' (कार्य-समर्थक भाव) का उदय हुआ है। मतदाताओं ने भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी कार्यशैली में अपना विश्वास व्यक्त किया है। यह स्पष्ट है कि राष्ट्रवादी सोच और 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को धरातल पर उतारने वाली सरकारों को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है।

भ्रष्टाचार, अपराधीकरण और शिथिल कानून-व्यवस्था आज भी चुनावी परिणामों के निर्णायक ध्रुव हैं। जिन क्षेत्रों में जनसाधारण, विशेषकर महिलाएँ, असुरक्षित अनुभव करती हैं, वहाँ शासन की विश्वसनीयता का क्षरण और सत्ता का पतन सुनिश्चित है। वर्तमान मतदाता एक ऐसा तंत्र चाहता है जो अपराधियों के विरुद्ध 'शून्य सहिष्णुता' (ज़ीरो टॉलरेंस) की नीति अपनाए और न्याय प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं त्वरित बनाए।इन परिणामों ने 'रेवड़ी संस्कृति' या मुफ्त योजनाओं की राजनीति की सीमाओं को भी रेखांकित किया है।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

मतदाता अब अल्पकालिक प्रलोभन और दीर्घकालिक सशक्तिकरण के सूक्ष्म अंतर को समझने लगा है। चूँकि लगभग सभी दल आर्थिक रियायतों की घोषणा कर रहे हैं, अतः जनता की प्राथमिकता अब केवल 'खैरात' नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढाँचे में स्थायी गुणात्मक सुधार है।

जनता में अब यह बोध प्रखर हुआ है कि केंद्र और राज्यों के मध्य अनावश्यक टकराव विकास की गति को अवरुद्ध कर युवाओं के अवसरों को सीमित करता है। फ्लस्वरूप, जनमत अब 'सहयोगात्मक संघवाद' की ओर झुक रहा है। उन सरकारों के प्रति समर्थन बढ़ रहा है जो केंद्र के साथ सामंजस्य बिठाकर निवेश और बड़ी परियोजनाओं को यथार्थ के धरातल पर उतारने में सक्षम हैं।

आज का युवा और महिला मतदाता राजनीति के सर्वाधिक प्रभावशाली वर्ग के रूप में उभरे हैं। उनकी दृष्टि स्टार्टअप संस्कृति, कौशल विकास और औद्योगिक प्रगति पर टिकी है। स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली नीतियां ही अब चुनावी विजय की कुंजी हैं। साथ ही, महिला सुरक्षा अब केवल विमर्श का विषय नहीं, बल्कि प्राथमिक राजनीतिक एजेंडा बन चुका है।

कतिपय राज्यों में कठोर प्रशासनिक कार्रवाइयों, जिसे प्रतीकात्मक रूप से ÷बुलडोजर संस्कृति÷ कहा गया है को मिले समर्थन का अर्थ निरंकुशता का पोषण नहीं, अपितु विधि के प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन के प्रति जनता की अभिलाषा है। जनता चाहती है कि न्याय न केवल हो, बल्कि होता हुआ दिखाई भी दे।

2026 के ये चुनावी निष्कर्ष भारतीय लोकतंत्र के स्वर्णिम युग की ओर बढ़ने का प्रमाण दे रहे हैं। मतदाता भावुकता के बंधनों को तोड़कर विवेक और सुशासन के पथ पर अग्रसर है। यह समस्त राजनीतिक दलों, विशेषकर दीर्घकाल से सत्तासीन सरकारों के लिए एक स्पष्ट आह्वान है कि भविष्य केवल उन्हीं का है जो सकारात्मकता और राष्ट्रवादी चेतना से ओतप्रोत हैं।

## स्वस्थ संवाद..

आज के इस बदलते परिवेश में व्यस्तता के चलते आपसी संवाद में बहुत कमी देखी गई हैं , जिसके चलते रिश्तों में दूरियां आ गई हैं और कई बार तो इस कमी के चलते रिश्ते टूटने की कगार पर आ जाते हैं।ऐसे में आपसी संवाद बहुत जरूरी हो जाता है। स्वस्थ संवाद से यहां तात्पर्य है खुलकर बातचीत,क्योंकि आपसी संवाद में कमी होना भी रिश्तों में दूरियां आने का एक प्रमुख कारण है।कई बार देखा गया है कि बातचीत ना होने पर गलतफहमियां इतनी बढ़ जाती हैं कि उन्हें ठीक कर पाना भी कई बार संभव नहीं हो पाता। यहां पर यह समझना आवश्यक है कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो स्वस्थ संवाद अर्थात खुलकर बातचीत करना अति आवश्यक है। रिश्तों में प्रगाढ़ता और प्रेम बनाएं रखने के लिए स्वस्थ संवाद एक बेहतरीन तरीका है।

लेखिका



श्रीमति ऋचा कटरे देशमुख

## जग जाते हैं..

देर रात तक बैठे ठाले जग जाते हैं
तेरी याद के उजले साये ठग जाते हैं।
तन्हाई की पगडंडी पर चलते-चलते,
ज़ख्म पुराने फिर से
ताज़ा लग जाते हैं।
फूल बहुत है बगिया में पर क्या कहिए,
हमको तो कांटे भी अपने लग जाते हैं।
नींद कहाँ आँखों की
चौखट लाँघ सकी,
ख्वाब अधूरी बातें लेकर जग जाते हैं।
तुझ पर तो संतोष
भरोसा कर भी लूं पर,
रस्ते रूक जाते हैं
जिधर भी पग जाते हैं।



संतोष सिंह नैकाने, गोंदिया महाराष्ट्र

## ऐसी क्या आ गई..

ऐसी क्या आ गईं, ‹
इन्सान में मजबूरियाँ।
रिश्तों में होने लगी,
आज बहुत दूरियाँ।
सम्मिलित परिवार,
अब मिलते कहाँ यार-
हम दो में सिमट गए,
छोरा और छोरियाँ।

शशि तिवारी

## ना रोजगार..

ना रोजगार,
ना ही स्मार्ट कंट्री है
काम रत्ती भर व
खूब कामेंट्री है।
जिसे इलाज की
सख्त जरूरत है
उसको ही बनाएं
स्वास्थ्य मंत्री है।

लेखक



संजय अश्क पुलपुट्टा, बालाघाट

## दशा महा दशा..

अगर महिला आरक्षण बिल।
पास होता।
तो आज क्या होता।
वही होता।
सब मिलकर।
मनोनीत कर।
सिंहासन पर बैठाल देते।
नई परम्परा का निवाह होता।
एक नया संदेश जाता।
झगड़ा भी नहीं होता।
सब मिलकर।
एकता दिखाया जाता।
एक नारी सब पर भारी होती।
लेकिन सब सपना रह गया।
एक नारी के साथ।
इतना अपमान।
पूर्व युग में भी नारी थी।
युग बदलते गया।
आज कलयुग में नारी है।
अब भी दशा महा दशा भारी है?

रचनाकार



आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'

## बुद्ध..

बुद्ध,
एक महान आस्था।
एक अनन्य विश्वास।
बुद्ध,
रूढ़िवादिता के ध्वंसक।
संकीर्णता के विनाशक।
बुद्ध,
मानवीयता के
स्थापक।
समरसमार्ग के
सूत्रधार।
बुद्ध,
वर्णव्यवस्था का
अवसान।
मानवीयगुणों का
उत्थान।
बुद्ध,
प्राणिमात्र में
करुणा।
अहिंसा की भावना।
बुद्ध,
एक चिंतक, विचारक, साक्षात
ईश्वर।
दया-माधुर्य जिनमें सत्वर।
बुद्ध,
शिवत्व की प्राप्ति।
एकात्मक अनुभूति।
बुद्ध,
सामाजिक परिवर्तन
की धारा।
अन्तरिक्ष में ज्यों
ध्रुवतारा।
बुद्ध,
नेह से नेह में स्पंदन।
विचारों का शाश्वत
मंथन।
बुद्ध,
मानव-मानव में, प्रेम
का नाम है।
जिनके स्मरण से,
होता 'यमुनेश्वरी' का
कल्याण है।



वल्लभ यमुनेश्वरी नैनपुर

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 120



ck;l I nk;l !& 1) मगध या बिहार राज्य के एक प्रसिद्ध नगर का नाम 4) अपतन, पतन से परे 8) अकेला, बिना किसी साथी के 10) रामायण में रावण के एक भाई 12) उचित या अनुचित का ध्यान न रखकर अपने इच्छानुसार काम करना 13) शोक, पीड़ा 14) सौ 15) बल या शक्ति की अधिकता, ठग 16) कथानक, कहानी का मूल विषय 18) चापलूसी,, किसी के यहां बार बार जा कर अनुनय करना 19) प्रियतम, पति 21) लीडर, नायक 22) कुछ पाने की तीव्र इच्छा 24) खेती की उपज, खेत में खड़ा अनाज 26) व्यर्थ कल्पना, दिन में सपने देखना 27) दर्शन, साक्षात्कार, देखना 24) पानी 29) बारह राशीयों में से एक 31) स्थल, ठहराव 33) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 34) तलवार या चाकू का आघात 35) सूर्य, भास्कर 37) सजाने का कार्य, शोभा 39) मन ही मन में किया हुआ चिंतन 41) जतलाना, पहले से सूचना देना 43) मुस्लिम सरदार 44) समाचार, वार्ता 46) पुरुष, मर्द, मनुष्य 47) मारा हुआ, वध किया हुआ 48) विष्णुजी का एक अवतार 49) फिल्मों के लिये गीतों की रचना करनेवाला 51) पवन, वायू 52) तृण, घास 54) मस्त हाथी के गंडस्थल से बहनेवाला स्त्राव 55) शरीर की नस 56) रबड़ से बना हुआ 57) ईश्वर, अल्ला (अरबी) 58) पुलिस की हिरासत 60) ईश्वर का आर्शीवाद 62) श्रेष्ठ, सभ्य, शिष्ट 64) बाष्प 66) तीन का समूह (संस्कृत) 68) तृष्णाक्रांत, जिसको प्यास लगी हो 69) जोर जोर से हंसना 72) अधिक, विपुल 74) मकरंद 76) थर्मामीटर में दिखायी देनेवाली तरल धातु 78) इंद्र का अस्त्र 79) अप्रसन्नता, नाराज होने का भाव 80) क्रुद्ध होना 82) करतूत, कार्य 83) पूजनीय, मान देने योग्य 86) विष्णु पत्नी 88) लोक कल्याण, लोगों की भलाई का काम 90) लिखने का उपकरण 91) शरीर का रोग 94) रक्तवाहिनी 96) वाचा, बोलना, वाक्शक्ति 97) हिंदी का एक मात्रावृत्त छंद 98) वह ग्रंथ जिसमें बुद्धदेव के पूर्व जन्मों का विवरण लिखा है 100) खोया, सत्व 101) कर्णेंद्रिय 102) अंग्रेजो ने भेटस्वरुप दिया हुआ पेय 103) जान मारने को उद्यत, घर में आग लगानेवाला 104) दुःख का वर्णन 106) हवाईजहाज के उतरने का रास्ता (अं.) 107) गो पालन करनेवाले श्रीकृष्ण 108) नारी,, स्त्री 109) किसी दुर्घटना की पहले से आशंका होना.

Aij I ulhp !& 1) पंद्रह दिनों में एक बार प्रकाशित होनेवाला नियतकालिक 2) वह अवतार जिसमें विष्णु ने अपनी लीला दिखाई हो 3) तीन, तिसरी संख्या 4) काफी अच्छा 5) नीचता, ओछापन 6) जिसके भीतर से होकर प्रकाश की किरणें जा सके, आरपार दिखाई देनेवाला 7) शिरोभूषध, किरीट 8) इज्जत, आदर, सम्मान 9) झुका हुआ 10) प्राचीन काल के उज्जयिनी के एक प्रसिद्ध राजा 11) महाभारत का एक पांडव 13) दूसरी बार, फिरसे 15) अस्थिर, चलायमान 17) थाने का प्रधान अधिकारी 19) शक्तिशाली 20) अस्वस्थ होने का भाव 22) जिसका कोई जवाब न हो, बेजोड़ 23) प्रबल अभिलाषा, गहरी चाह 25) सुरक्षित, सकुशल 27) पागलपन 30) द्रव, आनंद 31) स्थिर, अचल (सम्पत्ती) 32) अभिनेता 35) अमिताभ बच्चन और शशी कपूर की एक सुपरहिट फिल्म 36) रक्षण करनेवाला 38) जिसको कोई जानकारी हो ऐसा 40) नौजवान 41) विष 42) नगरवासी 43) चेहरा छिपाने का जालीदार कपड़ा 45) कामदेव की स्त्री 47) सीमा, नीयत स्थान 50) पक्षपात, किसी की तारीफ करना 51) जिम्मेदारी,, प्रमाण का उल्लेख 53) नया, नूतन 54) दिल, अंतःकरण 55) नहाना 59) वहां, उस स्थान पर (संस्कृत) 61) अन्न जल, भरण पोषण 62) जो सचेत न हो 63) स्थित होना, रुकना 64) बजाने का यंत्र, वाद्य 65) विश्वास, भरोसा 67) मृत्यू देवता 70) कर्कश शब्द करना 71) पाचन शक्ति 73) पैर, पग 75) उछलकूद, उत्पात 77) ब्रिटीश शासन काल में विशिष्ट भारतीयों को दी जानेवाली उपाधि 81) प्रेमिका 82) कल्याण करनेवाली 84) मेघ, आकाश 85) किसी के पधारने पर उसका आदर सहित अभिनंदन करना 87) अंधेरा, तिमिर 89) युद्ध के नियमों का अभ्यास करना 90) हथेली 92) वह मासिक व्रत जो मुसलमान लोग रमजान के महिने में रखते है 93) वह स्थान जहां रोगी की जांच करके दवाई दी जाती है 95) चिंतन 99) कर्मनिष्ठ, कर्मकांडी 103) स्वीय भाव, अपना अस्तित्व 105) चिट्ठी,, पत्र (जवाब अगले अंक में) ●

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आं | च | ल | ■ | स | र | ह | द | ■ | अ | चा | न | क | ■ | अ | ■ | आ | रा | ध | ना | ■ |
| ख | ■ | ह | वा | ला | ■ | ल | ■ | सा | र्थ | ■ | ■ | म | हा | नु | भा | व | ■ | न | र | क |
| का | ज | ल | ■ | ह | ■ | च | तु | र्थ | ■ | कं | गा | ल | ■ | रा | ■ | र | ■ | वा | ■ | मा |
| ता | ■ | हा | थ | का | मै | ल | ■ | क | ला | ■ | ज | न | जा | ग | र | ण | ■ | न | चा | ना |
| रा | ■ | ना | ■ | र | ■ | ■ | वि | ■ | भ | ■ | र | य | त | ■ | त्न | ■ | नि | ■ | टु | ■ |
| ■ | अ | ■ | ख | ■ | स | भा | ना | य | क | ■ | ■ | न | क | ल | ■ | आ | शा | ■ | का | ल |
| श | व | ■ | ब | र्बा | दी | ■ | श | ■ | र | ह | स्य | ■ | र्म | ■ | प्या | स | ■ | धा | र | क |
| ■ | स | फ | र | ■ | ■ | वि | क | ट | ■ | ठ | ■ | स | ■ | ■ | ■ | टू | टा | ■ | ■ | ड़ |
| स | र | ल | ■ | नि | ग | म | ■ | प | र | ■ | वा | म | ■ | झं | झ | ट | ■ | अ | ■ | हा |
| ■ | वा | ■ | ठ | ग | ■ | ल | ड़ | क | प | न | ■ | झ | ट | का | र | ना | ■ | म | दि | रा |
| वि | दी | र्ण | ■ | रा | ग | ■ | ■ | प | ट | वा | ना | ■ | मा | र | ना | ■ | व | र | दी | ■ |
| ध | ■ | ■ | ना | नी | ■ | बे | जो | ड़ | ■ | ब | ■ | न | ट | ■ | ■ | अ | ■ | ना | ■ | अ |
| वा | सु | दे | व | ■ | अ | ■ | त | ना | व | ■ | न | ग | र | ना | यि | का | ■ | थ | का | न |
| श्र | ■ | व | ■ | म | न | मा | ना | ■ | र | ■ | ग | र | ■ | म | ■ | ल | ता | ■ | ■ | व |
| म | ■ | दा | ■ | ■ | जा | ■ | ■ | अ | दा | का | री | ■ | सं | दे | श | ■ | ल | ल | का | र |
| ■ | व | सी | य | त | ना | मा | ■ | जा | न | ■ | य | म | ■ | व | त | न | ■ | ■ | म | त |

anumeya-08446302691

## मजेदार चौरस !

● नीचे दिये हुये चौरस की पहिली लाईन में पांच अलग अलग निशान दिये है. ● अब बचे हुये अन्य खाली चौरस में यहीं निशान इस तरह से लिखना है की हर लाईन में हर निशान केवल एक ही बार प्रयुक्त हो. ● हर आड़ी, खड़ी और तिरछी लाईन में यह निशान आने ही चाहिये !



(जवाब अगले अंक में)

fiNy 'kCntky dk tokc !& ghjkbu & 1. श्रीदेवी 2.डिम्पल 3. नीतु सिंग 4.मीनाक्षी शेषाद्री 5.जयाप्रदा 6.माधुरी दीक्षित 7.रति अग्निहोत्री.
fQYe & 1.नसीब 2.मेरा नाम जोकर 3.चांदनी 4.बॉबी 5.सरगम 6. खेल खेल में 7.कर्ज 8.हीना 9. जहरिला इन्सान 10. दामिनी 11.रणभूमी 12.नगिना 13.झुठा कहीं का 14.कभी कभी 15.रफूचक्कर 16.प्रेमरोग

## सू-डोकू- 120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | | 5 | | 7 | 4 | |
| | | 7 | 2 | | 4 | | | 5 |
| | 5 | 4 | | 1 | | 2 | | |
| | 9 | | 5 | | | 4 | | 7 |
| | 7 | 3 | | 4 | 2 | | | |
| 4 | | | | | | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 6 | | 4 | 7 | 5 | | | |
| | 2 | | 3 | | | | 7 | 4 |
| 7 | | 5 | | 2 | 1 | | | |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

I Mkd 119 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 |





# तीरंदाजी विश्व कप में सिमरनजीत और साहिल ने भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।***



एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं।

हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा।

उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है। इस मुकाबले में हारने पर भी उनके पास प्लेऑफ के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी और किशोरी कुमकुम मोहद प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन मजबूत प्रतिद्वंदियों से हार गईं।

दीपिका को दक्षिण कोरिया की चेयॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा जो मौजूदा विश्व चैंपियन और तोक्यो ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता हैं। वहीं कुमकुम को मैक्सिको की अनुभवी खिलाड़ी एलेजांद्रा वालेंसिया से हार मिली, जो दो बार की ओलंपिक टीम कांस्य पदक विजेता हैं।

धीरज बोम्मादेवरा पुरुषों के रिकर्व वर्ग में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहे। उनका अभियान भी प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाड़ी जीन-चार्ल्स वलाडोंट से 0-6 से हारकर समाप्त हुआ।

अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अनुभवी तरुंदीप राय तीसरे दौर में कोरिया के सियो मिंगी से हार गए जबकि यशदीप भोगे दूसरे दौर में तुर्की के पूर्व ओलंपिक चैंपियन मेते गाजोज से सीधे सेटों में हार गए। गाजोज ने बाद में पांच बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय पुरुषों में पूर्व नंबर एक अतनु दास का प्रदर्शन सबसे खराब रहा और वह बांग्लादेश के मोहम्मद मिशाद प्रधान के हाथों पहले ही दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पारंपरिक रूप से भारत की ताकत मानी जाने वाली कंपाउंड स्पर्धाओं में पहले बड़ी निराशा हाथ लगी थी क्योंकि कोई भी भारतीय टीम पदक राउंड तक नहीं पहुंच सकी।

पुरुष, महिला और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भारत पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रहा जिससे चार महीने से भी कम समय में होने वाले एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ गईं। टीम स्पर्धाओं में मिली हार के बाद सारी उम्मीदें व्यक्तिगत स्पर्धाओं पर टिकी थीं, जहां साहिल पदक की दौड़ में बचे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी के रूप में उभरे।

पिछले महीने ही विश्व कप में पदार्पण करने वाले इस 25 वर्षीय तीरंदाज ने रोमांचक शूट-ऑफमें ऑस्ट्रिया के निको वीनर को हराकर पुरुष कंपाउंड स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच शुरू से अंत तक कांटे की टक्कर का रहा। दोनों तीरंदाजों ने 15 तीरों में सिर्फ तीन अंक गंवाए। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के एक जैसे शानदार प्रदर्शन के बाद साहिल ने दूसरे सेट में भी बिना कोई गलती किए एक अंक की बढ़त बना ली। साहिल के दो अंक गंवाने के बाद तीसरे सेट में वीनर ने स्कोर 88-88 से बराबर कर दिया। चौथे सेट में दोनों ने 29 अंक बनाए और अंतिम सेट में 30 अंक बनाकर मैच को शूट-ऑफ तक पहुंचा दिया। साहिल ने शानदार संयम बनाए रखते हुए एक और सटीक निशाने से 10-9 से जीत हासिल की।

विश्व कप पदक से एक जीत दूर साहिल सेमीफाइनल में फ्रांस के निकोलस गिरार्ड का सामना करेंगे। क्वालीफिकेशन में आठवें स्थान पर रहने के बाद सीधे तीसरे राउंड में पहुंचे साहिल ने अंतिम 32 चरण में अपने अनुभवी साथी खिलाड़ी अभिषेक वर्मा को 149-147 से हराया और फिर प्री-क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के स्वेन फ्लस को 149-146 से मात दी।

कुशल दलाल ने भी क्वार्टर फाइनल में निराशाजनक हार से पहले शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो ने 147-147 से मुकाबला बराबर रहने के बाद शूट-ऑफ में हराया। शूट-ऑफमें भी दोनों तीरंदाजों ने 10 अंक वाले निशाने साधे थे, लेकिन डैम्सबो का तीर केंद्र के अधिक करीब था। क्वालीफाइंग दौर में सातवें स्थान के साथ भारत के शीर्ष कंपाउंड तीरंदाज रहे पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले एस्टोनिया के रॉबिन जाटमा से 146-150 से हारकर पहले ही दौर में बाहर हो गए।

महिला कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को भी क्वार्टर फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा के हाथों 147-147 से करीबी शूट-ऑफमें हार का सामना करना पड़ा। अदिति को भी कुशल की तरह ही शूट-ऑफ में 10 अंक वाला निशाना साधने के बावजूद निराशा का सामना करना पड़ा। इससे पहले लिसेल ने विश्व कप में कई बार पदक जीत चुकीं ज्योति सुरेखा वेन्नम को मात दी थी। मधुरा धामनगांवकर और प्रगति तीसरे दौर में बाहर हो गईं।

# ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ में हुआ धोखा? सुनील पाल ने खोला समय रैना के साथ रोस्टिंग विवाद का सच..

डेस्क जगप्रेरणा।

***नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाले ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ का हालिया ‘लाफ्टर डे’ स्पेशल एपिसोड इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस एपिसोड में कपिल शर्मा ने स्टैंडअप कॉमेडी की दुनिया के उभरते सितारे समय रैना***



और मशहूर पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि शो में असली हलचल तब शुरू हुई जब कपिल ने पुराने दिग्गज कॉमेडियन सुनील पाल की सरप्राइज एंट्री कराई। इस रीयूनियन ने न केवल दर्शकों को चौंकाया, बल्कि विवादों और स्पष्टीकरणों का एक नया सिलसिला भी शुरू कर दिया।

## पुरानी अदावत और ऑन-स्क्रीन रीयूनियन..

सुनील पाल और समय रैना का इतिहास काफी विवादास्पद रहा है। दोनों के बीच वैचारिक मतभेद इतने गहरे थे कि समय अक्सर अपने शोज में सुनील पाल को रोस्ट करते नजर आते थे, वहीं सुनील पाल ने भी एक समय में स्टैंडअप कॉमेडियंस को लेकर बेहद सख्त और विवादित टिप्पणियाँ की थीं। ऐसे में जब ये दोनों कलाकार कपिल के मंच पर एक साथ आए तो माहौल में तनाव और व्यंग्य का मिश्रण साफदेखा गया। शो के दौरान शब्दों की जंग शुरू हुई और जल्द ही सुनील पाल, समय और कपिल के निशाने पर आ गए। दर्शकों को लगा कि यह पूरी तरह से सुनील पाल को रोस्ट करने के लिए रचा गया एक सुनियोजित ड्रामा था।

## सुनील पाल ने तोड़ी चुप्पी..

एपिसोड प्रसारित होने के बाद सोशल मीडिया पर यह बहस छिड़ गई कि क्या सुनील पाल को केवल बेइज्जत करने के लिए बुलाया गया था? इन अटकलों पर विराम लगाते हुए सुनील पाल ने हाल ही में एक साक्षात्कार में अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि उन्हें शो पर यह कहकर बुलाया गया था कि उन्हें वहां स्टैंडअप कॉमेडी परफॉर्म करनी है। सुनील इसी तैयारी के साथ गए थे, लेकिन मंच पर स्थितियां बदल गईं। उन्होंने कहा, ‘मुझे लगा था कि मुझे अपना एक्ट करने का मौका मिलेगा, लेकिन वहां सिर्फ वही बातचीत और नोक-झोंक हुई जो दर्शकों ने पर्दे पर देखी।’

## रोस्टिंग पर सुनील पाल का नजरिया..

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें शो में बुलाकर उनके साथ धोखा किया गया तो उन्होंने बहुत ही परिपक्वता से जवाब दिया। सुनील ने कहा कि वे इसे ‘धोखा’ जैसा बड़ा शब्द नहीं देंगे, लेकिन यह सच है कि जो सोचकर वे गए थे, वैसा वहां नहीं हुआ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शो के दौरान हुई रोस्टिंग से उन्हें बुरा नहीं लगा क्योंकि यह सब मनोरंजन का हिस्सा था। उनके अनुसार अगर वे चाहते तो पलटवार कर सकते थे, लेकिन उन्होंने माहौल की गरिमा बनाए रखी।

# ध्वनि भानुशाली का ‘वास्ते’ बॉय याद है? ब्लैक हुडी और लंबी जुल्फों वाले चार्मिंग एक्टर का बदला रूप, कान्हा बनकर मचा रहा धूम...

डेस्क जगप्रेरणा।

***ग्लैमर की दुनिया में हर चमकता चेहरा अपनी एक कहानी समेटे होता है। अक्सर हम पर्दे पर दिखने वाली चकाचौंध को तो देखते हैं, लेकिन उस चमक के पीछे छिपे बरसों के अंधेरे और संघर्ष से अनजान रह जाते हैं।***



आज मनोरंजन जगत में एक ऐसे ही अभिनेता की चर्चा हर तरफ हो रही है, जिसने कभी एक म्यूजिक वीडियो से करोड़ों दिलों में जगह बनाई थी, लेकिन असली मंजिल पाने के लिए उसे एक दशक तक मुंबई की गलियों में अपनी पहचान ढूंढनी पड़ी। ध्वनि भानुशाली के फेमस गाने ‘वास्ते’ में एक हैंडसम हंक नजर आया था, आज नए अवतार में चमक रहा है। एक्टर के हालिया रोल की चर्मा है।

## म्यूजिक वीडियो से रातों-रात मिली थी पहचान..

बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि आज जिस अभिनेता की एक्टिंग के चर्चे हो रहे हैं, वे साल 2019 में एक बेहद लोकप्रिय म्यूजिक वीडियो का हिस्सा रह चुके हैं। ध्वनि भानुशाली के सुपरहिट गाने ‘वास्ते’ ने सिद्धार्थ गुप्ता को रातों-रात युवाओं के बीच चॉकलेट बॉय के रूप में पहचान दिलाई थी। उस गाने में सिद्धार्थ का हूडी लुक और उनका गंभीर अंदाज दर्शकों को इतना पसंद आया कि वे इंटरनेट सेंसेशन बन गए। ‘वास्ते’ ने उस दौर में 90 के दशक के इंडी-पॉप संगीत की यादें ताजा कर दी थीं और सिद्धार्थ के करियर को एक शुरुआती रफ्तार दी थी।

## दशक भर का संघर्ष और मुंबई की गलियां..

सिद्धार्थ गुप्ता की यह सफलता रातों-रात नहीं मिली है। हाल ही में उन्होंने मुंबई में अपनी फिल्म के पोस्टर के सामने खड़े होकर एक भावुक नोट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने दस साल लंबे संघर्ष के दर्द को बयां किया। सिद्धार्थ ने लिखा कि वर्षों तक यह शहर उन्हें केवल एक ‘इंतजार करने वाले’ व्यक्ति के रूप में जानता था, कभी ऑडिशन रूम के बाहर घंटों खड़े रहना तो कभी उन फोन कॉल्स की उम्मीद करना जो कभी आए ही नहीं। उन्होंने स्वीकार किया कि कई बार मन में हार मानने का ख्याल आया, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत पर भरोसा रखा। सिद्धार्थ लिखते हैं, ‘आज एक दशक के बाद, जब मैं अपनी ही फिल्म के पोस्टर के सामने खड़ा हुआ, तो मुझे अपना चेहरा नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपे वे अदृश्य संघर्ष के साल दिखाई दिए। हर रिजेक्शन और हर खामोश प्रार्थना का नतीजा आज मेरे सामने है।’

## कृष्ण की भूमिका..

सिद्धार्थ के लिए फिल्म ‘कृष्णावतारम’ में भगवान कृष्ण का किरदार निभाना केवल एक भूमिका नहीं, बल्कि एक भावनात्मक उपलब्धि है। भगवान कृष्ण जैसे आध्यात्मिक और महत्वपूर्ण चरित्र को पर्दे पर उतारना एक बड़ी जिम्मेदारी थी, जिसे सिद्धार्थ ने पूरी निष्ठा के साथ निभाया है। उन्होंने बताया कि जिस शहर ने कभी उन्हें यह महसूस कराया था कि शायद वे यहाँ के लिए नहीं बने हैं, आज उसी शहर के बड़े-बड़े बिलबोर्ड्स पर उन्हें ‘कृष्ण’ के रूप में देखना उनके लिए सबसे बड़ी जीत है।

## संघर्ष से सफलता का नया अध्याय..

सिद्धार्थ गुप्ता का फिल्मी सफर 2014 में ‘कुक्कू माथुर की झंड हो गई’ से शुरू हुआ था, लेकिन ‘कृष्णावतारम’ ने उन्हें वह पहचान दिलाई है जिसकी वे बरसों से तलाश कर रहे थे। एक दशक का धैर्य और कड़ी मेहनत आज रंग लाई है। सिद्धार्थ अब हिंदी सिनेमा के उन उभरते सितारों में शामिल हो चुके हैं, जो अपनी प्रतिभा के दम पर लंबी पारी खेलने के लिए तैयार हैं।

# बाबर आजम के साथ पाकिस्तान ने कर दिया खेल, क्या फिट होकर भी प्लेइंग इलवेन से बाहर!

डेस्क जगप्रेरणा।

***बाबर आजम के साथ लगता है कि खेल हो गया है। उनके चोटिल होने की बात कही गई थी, लेकिन अब कहा जा रहा है कि वे पूरी तरह से फिट हैं, इसके बाद भी प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिए गए हैं।***



इससे बाबर आजम भी नाखुश नजर आ रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने दो नए खिलाड़ियों को मौका दिया है। पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश के खिलाफपहले टेस्ट में पहले गेंदबाजी कर रही है।

## बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज..

पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस वक्त बांग्लादेश के दौरे पर है। जहां दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत हो रही है, इससे उसकी अंक तालिका पर भी असर पड़ेगा। जब सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया गया तो शान मसूद की कप्तानी में बाबर आजम का भी नाम इसमें शामिल था। मैच 8 मई को सुबह नौ बजे से शुरू होना था, लेकिन इससे कुछ ही घंटे पहले गुरुवार देर शाम अचानक खबर आई कि बाबर आजम चोटिल हैं और वे पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से बाहर हो गए हैं। लेकिन सच्चाई इससे कुछ उलट नजर आ रही है।

## सोशल मीडिया पर कही जा रही हैं तरह तरह की बातें..

टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम को लेकर खबर आ रही है कि वे पूरी तरह से फिट हैं। सोशल मीडिया पर तरह तरह की बातें की जा रही हैं। सोशल मीडिया पर सूत्रों के मुताबिक, कहा जा रहा है कि बाबर आजम को चोट नहीं लगी है। बाबर ने गुरुवार के प्रैक्टिस सेशन में भी हिस्सा लिया। दावा किया जा रहा है कि बाबर आजम को जानबूझकर चोटिल घोषित किया गया, क्योंकि आकिब जावेद युवाओं को मौका देना चाहते हैं। बाबर आजम भी आकिब जावेद के फैसले से नाखुश हैं। हालांकि ये बात सही है कि नहीं, इसको लेकर साफ तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता।

## टॉस के वक्त शान मसूद ने क्या कहा..

टॉस के वक्त कप्तान शान मसूद ने कहा है कि आज के मुकाबले में अजान अवैस ने ओपनर के तौर पर डेब्यू किया है। वे डोमेस्टिक क्रिकेट में अच्छा खेल दिखा रहे हैं। वह अंडर-19 से डोमेस्टिक रेड बॉल क्रिकेट तक आए हैं। अब्दुल्ला फजल ने हाल ही में खत्म हुई कायदे-आजम ट्रॉफी में सेंचुरी बनाई

और मैन ऑफ द मैच जीता और प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी में टॉप स्कोरर रहे हैं। बाबर आजम को लेकर कप्तान ने कहा कि बदकिस्मती से बाबर बाहर हैं। यह देर से लिया गया फैसला है। हम उनके साथ रिस्क नहीं ले सकते।

# रैपिड के आखिरी दौर में कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे गुकेश..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया।***

पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की। रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 वर्षीय गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफहार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला। अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन ने 13 अंकों के साथ इस वर्ग का विजेता बनकर इतिहास रचा। नीमन ने अपने हमवतन वेस्ली सो को पूरे एक अंक से पीछे छोड़ा। फेडोसेव 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे।



गुकेश ने कहा, ‘रैपिड वर्ग में मेरा प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा।

मैंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन मैं कुछ मौके चूक गया। कुछ मैच ऐसे भी थे जिनमें मैं मुश्किल में था और किसी तरह खुद को बचा पाया। मेरा प्रदर्शन और बेहतर हो सकता था।’ गुकेश, कारुआना और पोलैंड के डुडा जान-क्रजिस्ट्जोफ नौ-नौ अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे।

# मौत की झूठी खबर पर भड़के मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस के पिता, अफवाहों पर जताई नाराजगी, कहा- ‘ये अच्छी बात नहीं’..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सोशल मीडिया पर कई सेलिब्रिटीज की मौत की झूठी खबरें पहले भी वायरल हो चुकी हैं और अब इस लिस्ट में शक्ति कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से***



एक शक्ति कपूर अपनी झूठी मौत की खबर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। दरअसल, पिछले कुछ घंटों से इंटरनेट पर उनकी मौत को लेकर कई तरह के पोस्ट वायरल हो रहे थे, जिसने खलबली मचा दी। आखिरकार, बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के पिता ने अपनी झूठी मौत की खबर पर रिएक्ट किया और अफवाहों को खारिज कर दिया है।

## अपनी मौत की अफवाह पर शक्ति कपूर का रिएक्शन..

शक्ति कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी मौत को लेकर फैल रही झूठी अफवाहों पर विराम लगा दिया है और खुद सामने आकर सच्चाई बताई है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में एक्टर ने अपने फैंस को भरोसा दिलाया कि वह पूरी तरह ठीक हैं और लोगों से गुजारिश की कि वे ऐसी गुमराह करने वाली जानकारियों पर न तो यकीन करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। इस वीडियो क्लिप में शक्ति कपूर ने दर्शकों से सीधे तौर पर शांत रहने को कहा है।

## शक्ति कपूर ने अफवाहों पर जताई नाराजगी..

शक्ति कपूर ने वीडियो शेयर कर कहा, ‘सभी को नमस्कार, मेरी मौत की खबरें पूरी तरह झूठी हैं। मैं स्वस्थ और खुश हूं। कृपया इन पर ध्यान न दें। मैं इसके बारे में शिकायत करने वाला हूं, लेकिन यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है। यह अच्छी बात नहीं है।’ उनके इस वीडियो का उद्देश्य इन झूठी खबरों पर विराम लगाना था और साथ ही यह भी उजागर करना था कि ऐसी अफवाहें किसी व्यक्ति और उसके प्रियजनों के लिए कितनी दुखद हो सकती हैं।

## शक्ति कपूर का शानदार फिल्मी सफर..

हिंदी सिनेमा में अपने लंबे और यादगार करियर के लिए मशहूर शक्ति कपूर ने दशकों तक अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। कॉमिक किरदारों से लेकर यादगार खलनायकों तक, 1980 और 1990 के दशक में वे कई फिल्मों में एक जाना-पहचाना चेहरा बन गए। उन्हें असरानी और कादर खान संग अपनी ऑन-स्क्रीन जुगलबंदी के लिए बहुत पसंद किया गया था। शक्ति कपूर की बेटी श्रद्धा कपूर भी उनकी तरह बॉलीवुड में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए छाई रहती हैं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433






# नाफेड, एनसीसीएफ को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन, तिलहन की खरीद बढ़ाने का निर्देश



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को सहकारी संस्थाओं नाफेड और एनसीसीएफ को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया।***

दलहन और अन्य रबी फसलों की थोक मंडी कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बीच यह निर्देश दिया गया है। खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए, चौहान ने अधिकारियों से कहा कि वे इस काम को केवल एक सरकारी औपचारिकता न मानकर 'अभियान स्तर पर जिम्मेदारी' के रूप में लें। उन्होंने कहा कि बाजार की कीमतें कम होने पर अगर उसके हिसाब से खरीद नहीं की जाती, तो यह किसानों के हित में नहीं है। मंत्री ने दोनों एजेंसियों...राष्ट्रीय कृषि सहकारिता महासंघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) से कहा कि वे जिला-स्तर पर लक्ष्य तय करें, मौजूदा रुकावटों और उनके संभावित समाधानों की सूची बनाएं और मौजूदा खरीद चक्र खत्म होने से पहले इसमें साफतौर पर सुधार दिखाएं।

मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत, इन दोनों एजेंसियों का यह दायित्व है कि जब भी थोक मंडी कीमतें एमएसपी से नीचे गिरें, तो वे उस उपज को एमएसपी पर खरीदें।

एक सरकारी बयान के अनुसार, चौहान ने निर्देश दिया कि जिला-स्तर पर उत्पादन के अनुमानों, बाजार में आने वाली संभावित उपज और 25 प्रतिशत की खरीद क्षमता के आधार पर कार्ययोजनाएं तैयार की जाएं।

जिन फसलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, उनमें चना, मसूर, उड़द और सरसों शामिल हैं। ये मुख्य दलहन और तिलहन हैं, जिनकी बिक्री से किसानों को मिलने वाली आय पर अभी दबाव है। भुगतान के मामले में, मंत्री ने देरी को एक 'संवेदनशील मुद्दा' बताया और सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करने को कहा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसानों को खरीद के 72 घंटों के भीतर ही भुगतान हो जाए। बैठक में राज्यों से जुड़ी अन्य चिंताओं पर भी चर्चा हुई। इसमें बिहार में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) व्यवस्था का न होना, गुजरात में भुगतान में देरी, महाराष्ट्र में डेटा मिलान का काम अधूरा होना और आंध्र प्रदेश से खरीद से जुड़ा अतिरिक्त डेटा अभी तक न मिलना शामिल हैं। चौहान ने पारदर्शिता और निगरानी को बेहतर बनाने के लिए राज्य-स्तरीय पोर्टल को केंद्र के सीएनए पोर्टल के साथ जोड़ने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने आश्वासन दिया कि जहां भी राज्य-स्तरीय निर्देशों या स्थानीय प्रशासनिक रुकावटों के कारण खरीद में बाधा आ रही होगी, वहां केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ सक्रिय समन्वय बनाकर हस्तक्षेप करेगी।

उन्होंने इस बात को फिर दोहराया कि दलहनों और तिलहनों के उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी तभी संभव है, जब किसानों को इस बात का भरोसा हो कि बाजार में नरमी के समय भी उन्हें एमएसपी के तहत खरीद का पूरा समर्थन मिलेगा।

# महाराष्ट्र के प्याज किसानों ने सब्सिडी की मांग की..



**मुंबई, (भाषा)।**

***महाराष्ट्र में प्याज उत्पादक किसान, कीमतों में भारी गिरावट और खेती की बढ़ती लागत के कारण 'आर्थिक तबाही' के कगार पर हैं। ऐसे में सरकार को 1,500 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी देकर मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।***

एक किसान संगठन ने शुक्रवार को यह बात कही। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने कहा कि पिछले कई महीनों में प्याज की कीमतें तेजी से गिरी हैं। दूसरी तरफ बीज, खाद, कीटनाशक, मजदूरी, सिंचाई, बिजली, परिवहन और भंडारण की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है।

संघ के संस्थापक-अध्यक्ष भरत दिघोले ने आरोप लगाया कि किसान अपनी उत्पादन लागत भी वसूल नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीड जिले के नेकनूर का एक किसान सोलापुर बाजार में बेचने के लिए प्याज के 41 बोरे लाया था, लेकिन केवल 20 बोरे ही बिक पाए। मजदूरी, कमीशन, बाजार शुल्क, परिवहन और अन्य खर्चों को काटने के बाद, उसके पास केवल 519 रुपये बचे। एक अन्य मामले में, नासिक जिले की सटाना कृषि उपज बाजार समिति में एक प्याज किसान को अपनी उपज के लिए केवल 50 रुपये प्रति क्विंटल या 50 पैसे प्रति किलोग्राम मिले और बाद में उसने बाजार परिसर में ही आत्महत्या करने की कोशिश की। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर जिले की वैजापुर कृषि उपज बाजार समिति में किसानों ने धरना दिया और अपनी उपज के लिए कम कीमतें मिलने के बाद प्याज की नीलामी रोक दी।

दिघोले ने मांग की कि राज्य और केंद्र सरकारें प्रभावित प्याज किसानों को तुरंत 1,500 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी दें, प्याज के निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाएं, बाजार समितियों में कमीशन को नियंत्रित करें, किसानों को सीधे बाजार तक पहुंच प्रदान करें और प्याज के लिए एक गारंटीशुदा समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा करें।

उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी इस मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। संघ ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल राहत उपायों की घोषणा नहीं की गई, तो पूरे राज्य में आंदोलन किया जाएगा।

# पश्चिम एशिया संकट से सरकारी तेल कंपनियों को महीने में 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में तेज उछाल के बावजूद देश की सरकारी तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दाम स्थिर होने की वजह से प्रतिदिन 700-1,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।***

सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम एशिया संकट के बाद सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसील को प्रतिदिन करीब 700 से 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जो मासिक आधार पर लगभग 30,000 करोड़ रुपये बैठता है।

पेट्रोलियम कंपनियों की लागत और खुदरा मूल्य के बीच का अंतर मार्च-अप्रैल में तेजी से बढ़ा है। हालांकि बाद में इसमें कुछ नरमी आई। अप्रैल में पेट्रोल पर करीब 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान होने का अनुमान है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव है और आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।

उन्होंने बताया कि कच्चे तेल की कीमत दो महीने पहले करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन अब यह बढ़कर लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। शर्मा ने कहा, ÷सरकार का अब तक प्रयास रहा है कि कीमतों को स्थिर रखा जाए और उपभोक्ताओं पर कोई बढ़ोतरी न डाली जाए। इससे तेल विपणन कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर असर पड़ा हैज। मासिक नुकसान करीब 30,000 करोड़ रुपये पर है।÷

हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें आगे भी स्थिर रहेंगी। उन्होंने कहा, ÷जैसा कि मैंने कहा, अब तक प्रयास यही रहा है कि कीमतों में कोई बढ़ोतरी न हो।÷

सरकार ने पेट्रोलियम कंपनियों पर आए दबाव को कम करने के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती की है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये और डीजल पर 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया।

सूत्रों के मुताबिक, यदि उत्पाद शुल्क में कटौती नहीं की जाती तो यह बोझ करीब 62,500 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता था।

शर्मा ने कहा कि उत्पाद शुल्क में कटौती की वजह से सरकार खुद भी हर महीने करीब 14,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान उठा रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंची कच्चे तेल की कीमतों और खुदरा दरों को स्थिर रखने के फैसले से तेल कंपनियों के बहीखाते और मार्जिन पर दबाव बढ़ा है। लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहने पर कंपनियों को कार्यशील पूंजी के लिए अधिक कर्ज लेना पड़ सकता है और पूंजीगत व्यय योजनाओं की समीक्षा करनी पड़ सकती है।

हालांकि, रिफाइनिंग विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा और वैकल्पिक ईंधन से जुड़ा निवेश सरकार के समर्थन से जारी रहने की संभावना है।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बने रहने से वैश्विक कच्चे तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव आया। इस दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई।

इसके बावजूद भारत में 28 फरवरी के बाद से खुदरा ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। इसके उलट स्पेन, जापान, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई है।

मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि परिवहन लागत, आपातकालीन कच्चे तेल की खरीद, बीमा प्रीमियम और रिफाइनरी समायोजन जैसी अतिरिक्त लागतों ने भी कंपनियों पर दबाव बढ़ाया। हालांकि देशभर में ईंधन और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी रही।

ब्रेंट क्रूड की कीमत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले करीब 72 डॉलर प्रति बैरल थी। लेकिन संघर्ष तेज होने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते जहाजों की आवाजाही बाधित होने से कीमतों में तेज उछाल आया।

हालत यह हो गई कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें कुछ समय के लिए लगभग 144 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। हालांकि तनाव थमने की उम्मीद से अब यह नरम होकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ चुका है।

# एयर इंडिया ने 'मुश्किल समय' में उठाए खर्च घटाने के कदम, वेतन वृद्धि एक तिमाही टली..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों को गैर-जरूरी खर्चों पर लगाम लगाने और अनावश्यक खर्चों को टालने का निर्देश दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।***

सूत्रों ने कहा कि विल्सन ने इस समय के मुश्किल हालात में एयरलाइन की लागत घटाने की जरूरत पर जोर देते हुए यह निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कई चुनौतियों से जूझ रही एयर इंडिया के प्रबंधन ने कर्मचारियों की छंटनी की आशंका से इनकार किया। विल्सन ने एयरलाइन के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) संजय शर्मा और मुख्य मानव संसाधन अधिकारी रवींद्र कुमार जीपी के साथ कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यह निर्देश दिए।

सूत्रों के मुताबिक, रवींद्र कुमार ने कहा कि कंपनी पिछले वित्त वर्ष के लिए 'परिवर्तनीय वेतन' (वेरिएबल पे) जारी रखेगी और तय पदोन्नतियों को भी लागू करेगी। हालांकि अनिश्चित आर्थिक माहौल को देखते हुए वार्षिक वेतन वृद्धि को कम से कम एक तिमाही के लिए टाल दिया जाएगा। इसके साथ ही मानव संसाधन प्रमुख ने कहा, ÷हम कर्मचारियों की छंटनी की आशंका नहीं देख रहे हैं।÷ विल्सन ने मुश्किल समय में लागत पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत पर बल देते हुए कर्मचारियों से गैर-जरूरी खर्च रोकने, जहां संभव हो वहां दरों की पुनर्समीक्षा करने और गैर-आवश्यक खर्च स्थगित करने को कहा। उन्होंने कहा, ÷फिजूल खर्च और राजस्व में होने वाले नुकसान को रोकने पर पूरी सख्ती और विशेष ध्यान देने की जरूरत है।÷ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंधों और विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों का एयरलाइन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। एयर इंडिया इस समय व्यापक बदलाव योजना पर काम कर रही है और हाल के महीनों में उसकी परिचालन लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

मुख्य वित्त अधिकारी शर्मा ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व में नरमी देखी गई है, जबकि बाहरी अनिश्चितताओं का असर बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में संभावित लागत कटौती उपायों पर भी चर्चा हुई, जिसमें अस्थायी अवकाश जैसे विकल्प शामिल हैं। कंपनी में लगभग 24 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं।

विल्सन ने पाकिस्तान हवाई क्षेत्र के लंबे समय तक बंद रहने, पश्चिम एशिया में संघर्ष और वैश्विक तनावों के कारण उड़ानों पर पड़ रहे असर का भी उल्लेख किया। उन्होंने रुपये में तेज गिरावट और विमान ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी को भी कंपनी के लिए चुनौती बताया। एयर इंडिया समूह को वित्त वर्ष 2025-26 में 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है।

# अमेजन इंडिया घरों तक सामान पहुंचाने वालों के लिए विश्राम केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 250 करेगी




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***अमेजन इंडिया इस वर्ष अपने 'डिलीवरी' भागीदार यानी घरों तक सामान पहुंचाने वालों के लिए 150 नए आश्रय केंद्र स्थापित करेगी। इससे वर्ष 2026 के अंत तक इनकी संख्या बढ़कर 250 हो जाएगी।***

कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी के बयान के अनुसार, इस विस्तार के तहत मई के अंत तक 50 नए केंद्र खोले जाएंगे। अमेजन इंडिया के संचालन निदेशक सलीम आर मेमन ने कहा कि कंपनी के लिए उसके परिचालन नेटवर्क में काम करने वाले सहयोगियों का स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेमन ने कहा, ÷ये आश्रय केंद्र इस सरल विचार पर आधारित है कि हर डिलिवरी भागीदार, चाहे वह अमेजन के लिए डिलिवरी करता हो या नहीं, को अपने काम के दौरान आराम करने के लिए एक स्वच्छ और ठंडी जगह मिलनी चाहिए। केंद्रों की संख्या 250 तक बढ़ाना और मोबाइल इकाइयों के जरिए इन सुविधाओं को सीधे डिलिवरी चालकों तक पहुंचाना हमारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।÷

कंपनी ने बताया कि यह विस्तार हाल ही में घोषित 2,800 करोड़ रुपये से अधिक के व्यापक निवेश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य डिलिवरी भागीदरों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण को मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार, इन आश्रय केंद्रों में वातानुकूलित बैठने की सुविधा, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग की सुविधा, स्वच्छ शौचालय, प्राथमिक उपचार किट और आरामदायक विश्राम स्थल उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि विशेषकर गर्मी के मौसम में डिलिवरी भागीदरों को राहत मिल सके। अमेजन इंडिया वर्तमान में देश के 16 शहरों में 100 आश्रय केंद्र संचालित कर रही है।

# एनटीपीसी की एनईईपीसीओ, टीएचडीसी को वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक सूचीबद्ध करने की योजना

**नयी दिल्ली, (भाषा)।**

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी चालू वित्त वर्ष के अंत तक अपनी अनुषंगी कंपनियों टीएचडीसी और एनईईपीसीओ को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है। एक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्र के अनुसार, कंपनी ने अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) को भी शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने पर सहमति जताई है, जिसमें एनटीपीसी की लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सूत्र ने कहा, ÷एनटीपीसी विस्तार के दौर में है। उसने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) को सूचीबद्ध किया है और उससे प्राप्त पूंजी का उपयोग स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कर रही है। अब वह टीएचडीसी और एनईईपीसीओ को भी सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है, जिससे कंपनी को धन जुटाने में मदद मिलेगी।÷

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को नवंबर 2024 में सूचीबद्ध किया गया था। सूत्र के अनुसार, एचयूआरएल के शेयर बिक्री के माध्यम से एनटीपीसी और उसके संयुक्त उद्यम साझेदार कोल इंडिया लिमिटेड तथा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशनन लिमिटेड मिलकर लगभग 5,000 से 6,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहे हैं।

एचयूआरएल की वेबसाइट के अनुसार, एनटीपीसी, कोल इंडिया और इंडियन ऑयल की इसमें संयुक्त रूप से कुल 89 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हैं।

सूत्र ने टीएचडीसी और एनईईपीसीओ के लिए किसी अनुमानित राशि की जानकारी नहीं दी। सूत्र ने कहा कि इन तीनों कंपनियों की सूचीबद्धता चालू वित्त वर्ष के अंत तक पूरी होने की संभावना है। इसके लिए मर्चेंट बैंकरों को नियुक्त करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो सकती है।

एनजीईएल, एनटीपीसी की हरित ऊर्जा इकाइयों की प्रमुख कंपनी है, जो स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर काम करती है। इसने 2024 में अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड एनटीपीसी और उत्तर प्रदेश सरकार की 75:25 हिस्सेदारी वाली कंपनी है, जो सौर, जलविद्युत, तापीय और पंप स्टोरेज परियोजनाओं में कार्यरत है।

नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनईईपीसीओ) एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, जो जलविद्युत, तापीय और सौर ऊर्जा क्षेत्रों में काम करती है।


|| श्री जीणमाता की जय ||
|| जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।


वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433


# भतीजी के लिए मगरमच्छ पर टूट पड़ीं चाची, जबड़े में दबोचने के बाद भी दरांती से ताबड़तोड़ वार कर ऐसे बचा ली जान...



डेस्क जगप्रेरणा।

***यूपी के अलीगढ़ में अतरौली कोतवाली क्षेत्र में बहने वाली काली नदी के किनारे से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पशुओं के लिए चारा काट रही एक युवती पर अचानक मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे नदी की ओर खींचने लगा।***

तभी, मौके पर मौजूद युवती की चाची ने अदम्य साहस और सूझ-बूझ का परिचय देते हुए दरांती से मगरमच्छ की आंख पर कई वार किए। इसके बाद, मगरमच्छ, युवती को छोड़कर नदी में वापस चला गया। घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर किया गया है।

### युवती को घसीट कर नदी में ले जा रहा था मगरमच्छ..

जानकारी के अनुसार, गांव मोहद्दीनपुर निवासी 18 वर्षीय सुमन, अपनी चाची ट्रेपा देवी के साथ गांव रायपुर मुजफ्ता के पास काली नदी किनारे पशुओं के लिए चारा काटने गई थी। दोपहर करीब तीन बजे दोनों खेत किनारे काम कर रही थीं, तभी नदी से निकला एक मगरमच्छ तेजी से सुमन की ओर बढ़ा और देखते ही देखते उसके हाथ को अपने जबड़े में दबोच लिया। अचानक हुए हमले से युवती चीख पड़ी और मगरमच्छ उसे घसीटते हुए नदी की ओर ले जाने लगा।

### चाची की हिम्मत देख भतीजी को छोड़ भागा मगरमच्छ..

ये घटना देखकर चाची ट्रेपा देवी कुछ पल के लिए घबरा गईं, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। हाथ में मौजूद दरांती लेकर वह मगरमच्छ पर टूट पड़ीं और उसकी आंख पर लगातार कई वार किए। चाची के हमले से मगरमच्छ बौखला गया और युवती को छोड़कर वापस नदी में चला गया। चाची के साहस और सूझबूझ के चलते युवती की जान बच सकी।

### मगरमच्छ के हमले में युवती हो गई घायल..

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घायल अवस्था में पड़ी युवती को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौली लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन दोनों हाथों में गंभीर जख्म होने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल अलीगढ़ रेफर कर दिया गया।

### काली नदी में कई बार दिख चुके हैं मगरमच्छ..

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि काली नदी में पिछले कुछ समय से मगरमच्छों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नदी किनारे खेतों में काम करने वाले किसान और पशुओं के लिए चारा लेने जाने वाली महिलाएं हमेशा खतरे के साये में रहती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी कई बार नदी किनारे मगरमच्छ दिखाई दे चुके हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि काली नदी क्षेत्र में मगरमच्छों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाए और नदी किनारे सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। घटना के बाद महिलाओं और बच्चों में खासा भय व्याप्त है।

# चीन ने अपने दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को दी मौत की सजा, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भ्रष्टाचार मामले में लिया सख्त एक्शन..



डेस्क जगप्रेरणा।

***चीन ने अपने दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा देकर हड़कंप मचा दिया है। यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आदेश पर हुई है। इन दोनों रक्षा मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाया गया था। उसके बाद यह कार्रवाई की गई है।***

### वी फेंघे और ली शांगफू को दी मौत..

चीन ने अपने दो पूर्व रक्षा मंत्रियों वी फेंघे और ली शांगफूको भ्रष्टाचार के मामले में मौत की यह कड़ी सजा दी है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों को अलग-अलग सजा दी गई।

### अदालत ने ठहराया रिश्वत लेने का दोषी..

चीन की एक अदालत फेंघे को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराया था। वहीं पूर्व रक्षा मंत्री शांगफूको रिश्वत लेने और देने दोनों के मामले में गुनाहगार सिद्ध किया गया था। इसके बाद अब दोनों पूर्व मंत्रियों को इस मामले में मौत की सजा दी गई है। बता दें कि फेंघे के बाद ली शांगफू रक्षामंत्री बनाए गए थे, लेकिन बाद में वह भी भ्रष्टाचार के लपेटे में आ गए और उन्हें 2024 में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

### जिनपिंग ने अपने मातहतों को दी मौत..

दिलचस्प बात यह है कि चीन ने अपने जिन दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा दी है, वह दोनों राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सानिध्य में काम कर चुके हैं। वह जिनपिंग की अध्यक्षता वाले केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य भी रहे हैं। बावजूद जिनपिंग ने उन पर कोई रहम नहीं दिखाया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिनपिंग भ्रष्टाचार के खिलाफ कितने सख्त हैं।

### शी जिनपिंग ने स्वयं बनाया था फेंघे को रक्षामंत्री..

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वी फेंघे को खुद रक्षा मंत्री के लिए चुना था। वी फेंघे 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री रहे, वहीं शांगफू ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ ही महीने पहले ही यह पदभार ग्रहण किया था। फेंघे और शांगफू दोनों चीन के एयरोस्पेस इंजीनियर थे। दोनों ने 2015 में स्थापित पीपल्स लिबरेशन आर्मी की अति महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का नेतृत्व किया था। फेंघे को निष्कासित किए जाने के बाद कई शीर्ष अधिकारियों को पद से हटाया गया और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। शी जिनपिंग ने 2012 में सत्ता में आने के बाद से भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है, जिसमें कई सैन्य जनरल समेत दस लाख से अधिक अधिकारियों को सजा सुनाई जा चुकी है।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433


## 4 साल की अनायरा, 6 साल की दिशा और 9 साल का निशांत

# मां-बाप के साथ वैष्णो देवी यात्रा बन गई आखिरी यात्रा..



डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को वैष्णो देवी से यात्रा कर लौट रहे बाइक सवार दपंति और उनके तीन बच्चों समेत कुल 5 लोगों की ट्रक से टकराने के बाद दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।***

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### खुशी-खुशी घर आ रहे थे, हाईवे पर मौत ने सब छीन लिया..

जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव धानेरा कीरत निवासी 38 वर्षीय उत्तम पुत्र महिपाल सिंह अपनी पत्नी उर्मिला और तीन बच्चों के साथ धार्मिक यात्रा से वापस लौट रहे थे। परिवार वैष्णो देवी दर्शन कर वापस आया था और खुर्जा में अपने एक रिश्तेदार के यहां रुका था। शुक्रवार की दोपहर सभी लोग बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कोतवाली देहात क्षेत्र के भैंसोली मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर हो गई।

### 9, 6 और 4 साल के मासूम भी नहीं बचे..

हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में उत्तम (42), उनकी पत्नी उर्मिला (38), बेटा निशांत (9) बेटी दिशा (6) और मासूम अनायरा (4) शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्स्कबुलंदशहर, एसपी सिटी, सीओ और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक और शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### दुखद हादसे के बाद परिवार में कोहराम..

मृतक उर्मिला के भाई रमेश ने बताया कि पूरा परिवार वैष्णो देवी दर्शन कर लौट रहा था। खुर्जा में रिश्तेदार के यहां रुकने के बाद वे अपने गांव जा रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# राजस्थान के झालावाड़ में आवारा कुत्तों के हमले में दो साल की बच्ची की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***राजस्थान के झालावाड़ शहर में शुक्रवार तड़के आवारा कुत्तों के झुंड ने दो वर्षीय बच्ची को नोंचकर मार डाला, जिससे इलाके में आवारा पशुओं के खतरे को लेकर निवासियों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब पांच बजे झालावाड़ शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक शोरूम के पास हुई, जहां लड़की अपने पिता और बड़ी बहन के साथ एक टेंट के नीचे सो रही थी। उन्होंने बताया कि गौरी नाम की बच्ची पर सात से आठ आवारा कुत्तों ने हमला किया।***

बारां जिले के भंवरगढ़ निवासी दिहाड़ी मजदूर राजूलाल ने बताया कि वह अपनी पत्नी के इलाज के लिए झालावाड़ आए थे, जिन्होंने हाल ही में एसआरजी अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया है और गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनका इलाज चल रहा है। एक कुत्ते के उंगली पर काटने से वह नींद से जागा और देखा कि कुत्तों का झुंड बच्ची पर हमला कर रहा है। उसने कुत्तों को भगाया और बच्ची को तुरंत अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस उपाधीक्षक हर्षराज सिंह ने घटना की पुष्टि की और बताया कि परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। बाद में दिन में, परिवार ने मुआवजे की मांग करते हुए जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। झालावाड़ के एसडीएम अभिषेक चरण ने बताया कि जिला अधिकारी ने नगर परिषद को आवारा कुत्तों के हमलों से बचाव के लिए निवारक उपाय करने और घटना पर एक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि परिवार के लिए मुआवजे के संबंध में राज्य सरकार को नियमों के अनुसार एक प्रस्ताव भेजा गया है।

# तीन साल पुरानी रंजिश में डांसर को ट्रेन के आगे धक्का दिया, हालत गंभीर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***नृत्य, संगीत और चमक-दमक वाली जिंदगी ये चीजें 24 वर्षीय मोहित की पहचान थीं, लेकिन सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ है कि कैसे तीन साल पुरानी रंजिश ने उसके सपनों को चकनाचूर कर दिया। आरोप है कि उसे चलती ट्रेन के आगे धक्का दे दिया गया, जिससे उसके पैरों में गंभीर चोटें आईं।***

यह घटना 26 अप्रैल को तब सामने आई, जब पुलिस को आदर्श नगर इलाके में एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली। पुलिस के अनुसार, मोहित गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला और उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। शुरुआत में इसे रेलवे दुर्घटना और आत्महत्या के प्रयास के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन सीसीटीवी फुटेज की जांच और कुछ दिनों बाद पीड़ित का विस्तृत बयान दर्ज होने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया। पुलिस ने अब मोहित के चार दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिन्होंने पीड़ित के साथ कथित तौर पर मारपीट भी की थी।

पीड़ित परिवार के अनुसार, यह हमला करीब तीन साल पुराने विवाद से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी दोस्तों ने एक शादी समारोह में जाने के बहाने बदला लेने का मौका हासिल किया। एक सीसीटीवी फुटेज में 24 वर्षीय युवक को तीन-चार लोग उसे बेरहमी से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस घटना ने मोहित के डांसर बनने को लेकर सपनों को भी तोड़ दिया है। रिश्तेदारों ने उसे एक जुनूनी डांसर बताया, जिसने नृत्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से नाम कमाने और रियलिटी शो में जाने के सपने को पूरा करने के लिए वर्षों तक अभ्यास किया था।

एक रिश्तेदार ने कहा, 'वह केवल नृत्य के लिए जीता था। ऐसे दृढ़ निश्चयी बच्चे कम ही देखने को मिलते हैं। नृत्य और उसके सपने ही एकमात्र ऐसी चीजें थीं जिनके बारे में वह बात करता था। वह हर दिन घंटों अभ्यास करता था।' अपने बेटे की हालत पर दुख जताते हुए संगीता देवी ने कहा कि उनका बेटा उनका सहारा है। उन्होंने बिलखते हुए कहा, 'वह एक बहुत ही नेक इंसान है। उसे कभी कोई बुरी आदत नहीं रही। उसने बस नृत्य किया और अपने परिवार व दोस्तों के लिए हमेशा खड़ा रहा।' संगीता देवी ने कहा, 'मेरा बेटा अब कैसे जिएगा? किसी भी डांसर के लिए उसकी कला ही सबसे कीमती होती है। अब उसके पैर नहीं रहे। वह अब क्या करेगा? उसके वर्षों के जुनून और अभ्यास को एक ही रात में खत्म कर दिया गया।' पीड़ित के परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने शुरू में आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया और इसे केवल दुर्घटना या आत्महत्या के प्रयास के रूप में देखा। उन्होंने कहा, 'पुलिस पहले कहती रही कि यह आत्महत्या का प्रयास था। लेकिन सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पूरा रुख बदल गया।' रिश्तेदारों के मुताबिक, मोहित के पैरों में कई फ्रैक्चर हुए और गंभीर चोटें आई हैं। उसका इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

परिवार ने दावा किया कि दोनों पैरों में अत्यधिक क्षति होने के कारण डॉक्टर अब पैर काटने की प्रक्रिया की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस के बयान के अनुसार, मुकुंदपुर निवासी मोहित 25 अप्रैल की शाम अपने चार दोस्तों– राहुल, गुलशन, हेमंत और दीपांशु- के साथ एक दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए घर से निकला था। रास्ते में यह समूह ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक शराब की दुकान के पास रुका, जहां उन्होंने शराब पी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान मोहित ने शुरू में अधिकारियों से कहा था कि वह अत्यधिक नशे में था और बेहोश हो गया था, इसलिए उसे याद नहीं कि वह रेल की पटरियों तक कैसे पहुंचा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बयान में कहा, 'हालांकि, हालत में सुधार के बाद पांच मई को दर्ज किए गए बाद के बयान में उसने आरोप लगाया कि शराब पीने के बाद उन चारों ने उसके साथ मारपीट की।' पुलिस ने बताया कि होश आने पर उसने खुद को रेल की पटरियों के पास पाया, जहां से उसे अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित के बयान और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद, पुलिस ने छह मई को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत चोट पहुंचाने, गलत तरीके से रोकने और समान इरादे के तहत प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारी ने कहा, 'सभी आरोपियों को थाने बुलाया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। आगे की जांच जारी है।' पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या मोहित को मारपीट के बाद जानबूझकर रेलवे पटरियों के पास छोड़ दिया गया था या वह घायल अवस्था में खुद वहां पहुंचा था।

# पौड़ी में वन विभाग के शिकारियों ने तेंदुए को ढेर किया..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तराखंड में पौड़ी जिले के बमठी गांव में वन विभाग के शिकारियों ने एक तेंदुए को अपनी बंदूक की गोली से ढेर कर दिया जिससे पिछले एक पखवाड़े से दहशत के साये में जी रहे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।***

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वन विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार देर रात विभाग के शिकारियों की गोली लगने से मर गये आठ वर्षीय तेंदुए को पौड़ी के नागदेव रेंज लाकर उसका पोस्टमार्टम किया गया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के बाद ही तेंदुए के आदमखोर होने के बारे में स्पष्ट रूप से बताया जा सकेगा।

करीब एक पखवाड़े पहले इसी गांव में खेतों में घास काटने गयी 65 वर्षीय सीता देवी पर घात लगाए बैठे दो तेंदुओं ने हमला कर दिया था और उसे घसीटते हुए जंगल की ओर ले गए थे । गढ़वाल वन प्रभाग की उप प्रभागीय वन अधिकारी (एसडीओ) आयशा बिष्ट ने बताया कि 23 अप्रैल को हुई घटना के बाद से ही वन विभाग की टीम क्षेत्र में तैनात थी और उसके द्वारा गांव और आसपास के जंगलों में लगातार गश्त की जा रही थी।

उन्होंने कहा कि विभाग के शिकारी तेंदुए को 'ट्रेंकुलाइज' करने और जरूरत पड़ने पर अंतिम विकल्प के रूप में उसे गोली मारने के लिए भी तैयार थे। बिष्ट ने कहा कि इसमें उसे सफलता मिली और तेंदुए को गोली मार दी गयी। तेंदुए के मारे जाने से गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल काफी हद तक कम हुआ है। हांलांकि, वन विभाग की टीम ने क्षेत्रवासियों से अब भी सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है।


## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


# बिहार में में वज्रपात, आंधी-तूफान और पेड़ गिरने से सात लोगों की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बिहार में शुक्रवार को वज्रपात, आंधी-तूफान और पेड़ गिरने की घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए।***

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, वज्रपात की घटनाओं में भोजपुर, पटना, समस्तीपुर और पूर्वी चंपारण जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। बयान के मुताबिक आंधी-तूफान और तेज बारिश के दौरान पेड़ गिरने से पटना में दो तथा वैशाली में एक व्यक्ति की जान चली गई।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने लोगों से खराब मौसम के दौरान पूरी सतर्कता बरतने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब मौसम होने पर आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सुझावों का पालन करें तथा सुरक्षित स्थानों और घरों में ही रहें।







शनिवार 09 मई 2026

जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा ग्रामीण

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

राकेश रोकडे सालेकसा
मो. 9049200353



## उप अधीक्षक भूमि अभिलेख कार्यालय आमगांव में अव्यवस्था का आरोप..

### जमीन मापी के मामले लंबित, मिलीभगत करने वालों को संरक्षण देने की चर्चा, जांच की मांग तेज..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।




***तहसील के उप अधीक्षक भूमि अभिलेख कार्यालय, आमगांव के कार्यप्रणाली को लेकर नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।***

जमीन मापी, सीमांकन, नक्शा सुधार, फेरफार तथा अकृषक (एन.ए.) प्रकरणों में अत्यधिक देरी होने के आरोप सामने आ रहे हैं। आम नागरिकों के प्रकरण महीनों तक लंबित रखे जाने तथा कुछ चुनिंदा मामलों को प्राथमिकता के साथ मंजूरी दिए जाने की चर्चा से कार्यालय की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, जमीन मापी के लिए आवेदन करने के बाद भी लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई मामलों में मापी की तारीख तय होने के बावजूद संबंधित अधिकारी या कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं होते, जिससे किसानों और जमीन धारकों को आर्थिक तथा मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके कारण खेत सीमांकन विवाद और न्यायालयीन प्रकरणों में भी वृद्धि होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

कुछ नागरिकों ने आरोप लगाया है कि कार्यालय में सक्रिय कुछ बिचौलियों और मिलीभगत से काम करने वाले लोगों को अंदरूनी संरक्षण प्राप्त है। सामान्य आवेदकों के काम लंबित रखे जाते हैं, जबकि विशेष लोगों के प्रकरण तेजी से निपटाए जाते हैं। इससे विभाग की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

इसी बीच यह भी चर्चा है कि कुछ शासकीय जमीनों से जुड़े अकृषक (एन.ए.) प्रकरणों को भी मंजूरी प्रदान की गई है। ऐसे मामलों में नियमों का पालन किया गया या नहीं तथा संबंधित विभागों की अनुमति ली गई या नहीं, इसको लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि शासकीय भूमि से संबंधित मामलों में अनियमितता पाई जाती है तो यह अत्यंत गंभीर मामला माना जाएगा।

भूमि अभिलेख विभाग नागरिकों की संपत्ति और जमीन से सीधे जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है। शासन द्वारा डिजिटल सातबारा, ऑनलाइन नक्शे, ई-मापी, ई-फेरफार तथा भू-अभिलेखों के संगणकीकरण जैसी योजनाएं लागू की गई हैं ताकि पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाई जा सके। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर इन योजनाओं का प्रभावी लाभ नागरिकों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध होने के बावजूद लोगों को कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे 'डिजिटल प्रशासन' के दावों पर सवाल उठ रहे हैं।

भूमि अभिलेख विभाग के माध्यम से जमीन मापी, सीमांकन, भू-नक्शे, मालकी रिकॉर्ड दुरुस्ती, किसानों को कर्ज प्रकरणों हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की जाती हैं। लेकिन कार्यालयीन देरी के कारण किसान, जमीन मालिक, निर्माण व्यवसायी तथा सामान्य नागरिक परेशान दिखाई दे रहे हैं।

नागरिकों का कहना है कि कई बार लिखित शिकायतें देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए तथा लंबित जमीन मापी और अकृषक प्रकरणों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं नागरिकों में बढ़ते असंतोष के कारण भूमि अभिलेख विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर चर्चा में आ गई है।

## माउंट कैमेट पब्लिक स्कूल ने बढ़ाया गोंदिया का मान, दो विद्यार्थी राज्य स्तरीय गणित अधिवेशन हेतु चयनित..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***माउंट कैमेट पब्लिक स्कूल, गोरेगांव (सहयोग ग्रुप की इकाई) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के छात्र आशांक अरविंद कोटरंगे एवं काव्या***




संजीव कुमार भगत का चयन राज्य स्तरीय गणित अधिवेशन 2026 के लिए हुआ है, जो 17 एवं 18 मई 2026 को पंचवटी, नाशिक में आयोजित किया जाएगा।

यह चयन महाराष्ट्र गणित अध्यापक महामंडल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय गणित प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी तार्किक क्षमता, गणितीय समझ एवं समस्या समाधान कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। यह विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। संस्था के प्रबंधन, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सहयोग ग्रुप के एम.डी. श्री जयेश रामाडे ने कहा..

'हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को कुशल, जिम्मेदार और विचारशील नागरिक बनाना है। आशांक और काव्या की यह उपलब्धि पूरे सहयोग परिवार के लिए गर्व का क्षण है।'

**उन्होंने आगे कहा-** 'दोनों विद्यार्थी अत्यंत मेहनती, अनुशासित और जिज्ञासु हैं। नियमित अभ्यास एवं सही मार्गदर्शन के माध्यम से उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है। हमें विश्वास है कि वे राज्य स्तरीय अधिवेशन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं गोंदिया जिले का नाम और ऊंचा करेंगे।'

राज्य स्तरीय अधिवेशन में चयनित विद्यार्थी विभिन्न गणितीय गतिविधियों, चर्चाओं एवं नवाचार आधारित सत्रों में भाग लेंगे, जिससे उन्हें अपने ज्ञान और कौशल को और अधिक विकसित करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के गणित शिक्षक अंशुल कटरे ने विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि विद्यार्थियों ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

## भिवरामजी विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय वडेगांव का 93.51 प्रतिशत रहा परिणाम..

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में भिवरामजी विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय वडेगांव ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है।***



विद्यालय का कुल परिणाम 93.51 प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 108 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। इनमें से 40 विद्यार्थियों ने प्राविण्य श्रेणी, 43 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 16 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 2 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

विद्यालय एवं परीक्षा केंद्र में प्रथम स्थान ऋतु रूपराज ठाकरे ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्य डी. आर. गिरीपुंजे एवं समस्त शिक्षक वृंद को दिया।

विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों का सर्वत्र अभिनंदन किया जा रहा है।

## तेंदूपत्ता संकलन में जुटे ग्रामीण, आमदनी का बना सहारा..

### वन उपज की एक और सौगात..

जगप्रेरणा सालेकसा।



***इन दिनों ग्रामीण अंचलों में तेंदूपत्ता संकलन का कार्य जोरों पर चल रहा है, जिससे जंगल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को अतिरिक्त आमदनी का सहारा मिल रहा है।***

गर्मी के मौसम में तेंदूपत्ता तोड़ने का कार्य शुरू होते ही बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा सुबह से जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण से ग्रामीण परिवारों को रोजगार के साथ-साथ आर्थिक मदद भी मिल रही है। कई परिवारों के लिए यह मौसम सालभर की जरूरतों को पूरा करने का जरिया बनता है।

ग्रामीणों का कहना है कि खेती के अलावा तेंदूपत्ता संकलन उनके लिए महत्वपूर्ण आय का साधन है। वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता खरीदी केंद्रों के माध्यम से संकलित पत्तों की खरीदी की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को उचित दर मिलने की उम्मीद रहती है।

तेंदूपत्ता का उपयोग मुख्य रूप से बीड़ी निर्माण में किया जाता है, जिसके कारण इसकी मांग बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगलों से मिलने वाली वन उपज जैसे महुआ, चार, चिरौंजी और तेंदूपत्ता उनके जीवनयापन का आधार है। यदि वन उपज का उचित मूल्य और समय पर भुगतान मिले, तो ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सकती है। तेंदूपत्ता संकलन ने एक बार फिर साबित किया है कि वन संपदा ग्रामीणों के लिए प्रकृति की अनमोल सौगात है, जो हर वर्ष रोजगार और आमदनी का नया अवसर लेकर आती है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### बिना वजह बेटो ने की बाप की पिटाई, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/5/2026 के दोपहर 12 बजे के दरम्यान फर्यादी दशरथ विठोबा राऊत उम्र 65 वर्ष निवासी प्रतापगड अपनी मोटर सायकल से घर वापस आये जहा आते ही बेटो ने पूछा तु कहा गया था तेरा यहा कोई काम नही है, बोलकर गालीगलौच की और आख पर मारकर जख्मी कर आगे दे ख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे केशोरी मे अपराध क्रमांक 97/ 2026 धारा 118,1,3,5,352,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा मौजे 1562 पोस्टे केशोरी कर रहे है।

### काम के पैसे मांगने पर की मारपीट, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/5/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान आमगाव मे फर्यादी राजु गजानन ब्राम्हणकर उम्र 50 वर्ष निवासी पदमपुर ने घटना के समय आरोपी से अपने काम के पैसे मांगे तो आरोपी ने कहा तेरे काहे के पैसे बोलकर गालीगलौच की और रोड पर धकेला जिससे फर्यादी को चोट लगी उसके बाद भी आरोपी से कहा मैने काम किया उसके पैसे मांग रहा हु तो आरोपी ने तु यहा से निकल जा नही तो और मारूंगा बोलकर धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 331/2026 धारा 296, 115, 2,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा बर्वे पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### तुने गाडी क्यो तोडा बोलकर चलाई लोहे की रॉड, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनीमोर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/5/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान महागाव बाजार मे फर्यादी पितांबर विठोबा कावळे उम्र 45 वर्ष निवासी महागाव मे मछली बेच रहे थे। वहा तिनो आरोपी ने आकर कहा तुने गाडी क्यो फोडा फर्यादी ने कहा जानबूझकर नही तोडा फिर भी जो नुकसान हुवा वो मै भरकर देता हु, उसके बाद भी आरोपीयो ने लोहे के रॉड से हाथ पैर पिठ पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 214/2026 धारा 118,1,115,2,352,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा आरसोडे 1641 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

### आम के झाड से नीचे गिरकर हुई युवक की मौत, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/5/2026 के दोपहर 11 बजे के दरम्यान रिसामा मे गजानंदपुरी यशवंतपुरी गोस्वामी उम्र 35 वर्ष अपने खेत मे झाड पर आम तोडने चढ़ा था। आम तोडते समय बॅलंस बिघडने से वो नीचे गिरा गंभीर जख्मी होने से उसे उपचार के लिये अस्पताल ले गये जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टर के लिखित मेमो पर पोस्टे आमगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 20/2026 धारा 194 भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोना भजने पोस्टे आमगांव कर रहे है।

## तिरोड़ा के नगराध्यक्ष अशोक असाटी का वेदांत आईटीआई द्वारा किया गया सम्मान..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

**वेदांत आईटीआई की ओर से तिरोड़ा के नगराध्यक्ष अशोक असाटी का सम्मान किया गया। नगराध्यक्ष के रूप में अपने पहले चार महीनों में उत्कृष्ट कार्य करने पर उनका शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। यह सम्मान पूर्व सभापति वाय. टी. कटरे, कृषि उत्पन्न बाजार समिति तिरोड़ा के संचालक ओम पटले तथा प्राचार्य प्रमोद पारधी के शुभहस्तों से किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सैनिक धुरपाल पारधी, सौरव पटले, पंकज पटले, रोहित मुरे, श्रीमती आरजू राऊत श्रीमती नेहा वाघाड़े सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।**

## एस डी बी विद्यालय खैरबोडी के 10 वी के छात्रों का सुयश



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें एस डी बी विद्यालय स्टेट बोर्ड खैरबोडी का 94.44 प्रतिशत परिणाम आया। जिसमें सम्यक नरेश शेंडे 90.60 प्रतिशत,***

जिविदा टेकाम 85.20 प्रतिशत, दिपक विरु गुनेरिया 76.80, अनवेषा बालेश्वर जाने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

साथ ही 18 छात्रों में से 17 छात्रों ने प्रथम श्रेणी अंक प्राप्त किए। इनकी इस उपलब्धी के लिए विद्यालय के सचिव अनुप बोपचे, संस्थाध्यक्षा देवलन बाई बोपचे श्रीमती डॉ संगीता बोपचे कोषाध्यक्ष प्रिया रहांगडाले, उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता बघेले, मैनेजर कनिष्ठ महाविद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनघा पांडे, एस डी बी विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जयश्री टेंभरे प्रा. नंदकिशोर भगत एवं विद्यालय के शिक्षक -शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने छात्रों को शुभकामनाएं दी तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## नागपुर मंडल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष की सुविधा प्रारंभ..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस***




इतवारी रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष की सुविधा प्रारंभ की गई है। यह पहल नागपुर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यात्रियों की बेहतर सुविधा हेतु शुरू की गई है। इस सुविधा का उद्देश्य यात्रा के दौरान अचानक अस्वस्थ होने वाले यात्रियों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में यात्रियों को तुरंत राहत मिल सके।

इस चिकित्सा कक्ष के संचालन में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. श्रीकांत मुक्केवार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। डॉ. मुक्केवार, जो कि मिडास हॉस्पिटल के संचालक हैं, ने यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया है। नागपुर मंडल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्टेशन परिसर में यह आपातकालीन चिकित्सा कक्ष स्थापित किया गया है। इस चिकित्सा कक्ष में आवश्यक प्राथमिक उपचार उपकरण एवं मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।

रेलवे प्रशासन का यह प्रयास यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं भरोसेमंद यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल साबित होगा।




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## क्षतिग्रस्त किसानों की फसलों का तत्काल पंचनामा करें - विधायक विनोद अग्रवाल

### विधायक विनोद अग्रवाल ने कृषि अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के साथ नुकसानग्रस्त फसलों का किया निरीक्षण







जगप्रेरणा गोंदिया।

***पिछले दो से तीन दिनों से अचानक बदले मौसम एवं बेमौसम बारिश के कारण रबी सीजन की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है, जिससे किसान आर्थिक संकट में फंस गए हैं। किसानों ने भारी मेहनत से रबी फसलों की बुवाई***

की थी, लेकिन अचानक खराब मौसम के कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंचा और उनकी मेहनत व लागत व्यर्थ चली गई। किसान चिंतित होने की जानकारी मिलते ही किसानों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले विधायक विनोद अग्रवाल ने तत्काल तुमखेड़ा एवं कारंजा क्षेत्र के नुकसानग्रस्त खेतों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। अनेक किसानों ने बेमौसम बारिश के कारण फसलों को हुए भारी नुकसान की व्यथा व्यक्त की। इस अवसर पर उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जिला कृषि अधिकारी, तहसील कृषि अधिकारी तथा संबधित तलाठी व कृषि सहाय्यक तथा स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

नुकसानग्रस्त किसानों को शासन से सहायता प्राप्त हो सके, इसके लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने कृषि विभाग को तत्काल पंचनामा कर शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ÷बेमौसम बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है और शासन को नुकसानग्रस्त किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए,÷ ऐसी मांग भी विधायक विनोद अग्रवाल ने की।

इस निरीक्षण दौरे के दौरान प्रमुख रूप से विधायक विनोद अग्रवाल, पंचायत समिति सभापति मुनेश रहांगडाले, कृषि एवं पशुसंवर्धन सभापति दिपाताई चंद्रिकापुरे, उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत, तहसीलदार समशेर पठान, जिला कृषि अधिकारी निलेश कानवडे, तहसील कृषि अधिकारी नेहा आढव आदि उपस्थित थे।

## गोंदिया शहर के प्रलंबित मुख्य रेल्वे उड़ानपुल सहित हड्डीटोली-मरारटोली रेल्वे क्रांसिंग पुलों के निर्माण कार्य को मिलेगी गति..

### पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर सा.बा.मंत्री शिवेन्द्र राजे भोसले की उपस्थिती में आगामी सप्ताह में होगी निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक..

### जनवरी 2027 में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा आयोजित प.पू. राष्ट्रसंत प्रदीप मिश्रा की भव्य कथा आयोजन की तैयारियां शुरु..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***वर्ष 2019 में गोंदिया के तत्कालीन आमदार गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से गोंदिया शहर में मुख्य रेल्वे उड़ानपुल, मरारटोली रेल्वे क्रॉसिंग उड़ानपुल तथा हड्डीटोली रेल्वे क्रॉसिंग उड़ानपुलो के निर्माण कार्यो को मंजुरी मिली थी। लेकिन 2019 में उनके चुनाव में पराजय के बाद विकास कार्यो की गती धिमी पड़ी और आज भी तीनों रेल्वे उड़ानपुल का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।***

आगामी जनवरी 2027 में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के निमंत्रण पर 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा हेतु परमपुज्य राष्ट्रसंत श्री प्रदीप जी मिश्रा गोंदिया पधार रहे हैं, जिसमें क्षेत्र के साथ-साथ श्री प्रदीप जी मिश्रा के लाखों की संख्या में अनुयायी गोंदिया जिले के साथ-साथ बाहर जिलों से आने की भी संभावना है। कथा का आयोजन संभवतः मोदी मैदान में किया जाना नियोजित है। ऐसी परिस्थिती में तीनों पुलो के कार्य प्रलंबित होने से कथा के दौरान गोंदिया शहर में आवागमन में भारी अव्यवस्था एवं ट्राफीक जाम की संभावना नकारी नही जा सकती।

परिस्थिती को समय रहते सुधारने हेतु, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने राज्य के सा.बा.मंत्री शिवेन्द्र राजे भोसले से भेट कर उन्हें तीनों पुलों के निर्माण कार्य हेतु संबंधित विभागों को कड़े निर्देश तथा दिपावली तक कार्य पूर्ण करने हेतु शासन की ओर से हर संभव सहयोग देने की मांग की। सा.बा.मंत्री शिवेन्द्र राजे भोसले ने समस्या का संज्ञान लेकर आगामी सप्ताह में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पुल निर्माण अधिकारियों की विशेष बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे निश्चित रुप से तीनों पुलो के निर्माण में आ रही अड़चने न सिर्फ सामने आएंगी, बल्कि मंत्रालयीन स्तर पर सा.बा.मंत्री के निर्देश के बाद हल भी होगी और संभवतः दिपावली तक पुलों का निर्माण हो जाएंगा। ऐसी आशा पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने व्यक्त कि है।

## गोंदिया पुलिस मुख्यालय में महिला पुलिस कर्मियों के लिए 'तनाव प्रबंधन' कार्यशाला आयोजित..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***पुलिस कर्मियों के कठिन कर्तव्य, काम के अनिश्चित घंटे और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने के दौरान आने वाले मानसिक तनाव को दूर करने के उद्देश्य से गोंदिया पुलिस मुख्यालय में***

दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल' विषय पर आधारित यह कार्यशाला महिला पुलिस अधिकारियों और अंमलदारों के लिए आयोजित की गई थी। गोंदिया जिले के पुलिस अधीक्षक माननीय श्री गोरख भामरे तथा अपर पुलिस अधीक्षक (कैंप देवरी) माननीय श्री अभय डोंगरे के कुशल मार्गदर्शन में 5 और 6 मई 2026 को इस कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य वक्ता डॉ. अरुंधति भालेराव (भालेराव इवेंट्स एंड मैनेजमेंट, ठाणे) का स्वागत यातायात शाखा के पुलिस निरीक्षक नागेश भास्कर ने पुष्पगुच्छ देकर किया।




### 165 महिला कर्मियों ने लिया हिस्सा

इस कार्यशाला में गोंदिया पुलिस दल की लगभग 165 महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उन्हें मानसिक रूप से अधिक सक्षम और निर्णय लेने में कुशल बनाना था। कार्यशाला को सफल बनाने के लिए मपोनी नंदिनी चानपूरकर, रापोनि राजेश सरोदे, रापोउपनि दीपक गेडाम, सफौ मुस्तफा सरवर, पोहवा लियोनार्ड मार्टिन, संतोष पारधी, राज वैद्य, पोकॉ अतुल कोल्हाटकर, मपोकॉ पल्लवी गजभिये तथा डी.आई. स्टाफ ने अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन पुलिस हवालदार राज वैद्य द्वारा किया गया।

### मानसिक मजबूती पर दिया गया जोर

**आज के समय में महिला पुलिस कर्मियों पर समाज, कर्तव्य और परिवार की अपेक्षाओं का भारी दबाव रहता है। इसी पृष्ठभूमि में डॉ. अरुंधति भालेराव ने 6 घंटे के प्रशिक्षण सत्र के दौरान: स्व-संवाद: खुद के मन से बात करना और तनाव के कारणों को पहचानना। सकारात्मक दृष्टिकोण के तहत नकारात्मकता को दूर कर आत्मविश्वास और भावनात्मक संतुलन बनाना। प्रायोगिक प्रशिक्षण के तहत खेल, सामूहिक गतिविधियों और विभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से तनाव मुक्ति के तरीके सिखाए।**

## श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल का महाराष्ट्र राज्य की स्टेट बोर्ड की दसवी की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन..









जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल ने महाराष्ट्र राज्य बोर्ड की एसएससी परीक्षा 2025-26 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ एक बार फिर संस्थान का मान बढ़ाया है। इस वर्ष एसएससी परीक्षा में स्कूल से कुल 140 छात्र छात्रओ ने परीक्षा दिए जिनमें से 64 छात्रों ने डिस्टिंक्शन (विशेष योग्यता) प्राप्त की और 57 छात्रों***

ने प्रथम श्रेणी हासिल कर स्कूल की शैक्षणिक यात्रा में सफलता का एक और कीर्तिमान स्थापित किया । इस परीक्षा में प्रथम स्थानः कु. अनन्या अमर भंडारे – 94.20 प्रतिशत, द्वितीय स्थानः कु. तनुश्री विशाल वर्मा 91.60 प्रतिशत एवं तृतीय स्थानः कु. अक्षा शब्बीर छावरे – 90 प्रतिशत ने प्राप्त किया। चैतन्य अभिमन्यु तुरकर (88.8 प्रतिशत), थॉमस दशरथ तुप्पट (88.6 प्रतिशत), यश उत्तम वासनिक (87.4 प्रतिशत) इन छात्र छात्राओं के असाधारण प्रदर्शन ने न केवल स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है। यह शानदार सफलता छात्रों के सच्चे प्रयासों, शिक्षण कर्मचारियों के समर्पण और स्कूल प्रशासन द्वारा प्रदान किए गए निरंतर प्रोत्साहन का परिणाम है।

संस्था के अध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, सचिव श्री प्रकाशचंद्र कोठारी, तथा उपाध्क्ष श्री किरण कुमार मुंदड़ा, उपाध्क्ष पंडित दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री वेद प्रकाश गोयल, सहसचिव श्री श्रीनिवास मुंदड़ा और श्री सुशील कुमार सिंघानिया ने सफल छात्रों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों और अभिभावकों की कड़ी मेहनत की सराहना की। प्रधानाचार्य श्री अजय शामका, श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री पंकज अग्रवाल, सु श्री भारती रहांगडाले और श्रीमती अर्चना अग्रवाल, श्रीमती शारदा पांडे ,श्रीमती विजयलक्ष्मी गर्ग, प्रशांत वासनिक, दिनेश लाटा, जैतवार सर ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर अपार हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को उनकी टीम वर्क और छात्रों को सफलता की ओर ले जाने में उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। स्कूल परिसर में खुशी और उत्सव का माहौल रहा। छात्रों और अभिभावकों ने स्कूल द्वारा दिए गए मार्गदर्शन, अनुशासन और मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को कायम रखा है। पालको ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के परिश्रम को दिया।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल,
ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां,
ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें,
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक – स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक – आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल – jagprernaw@gmail.com